# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित







5 'रोजगार क्रांति' लाएगी कांग्रेस : मल्लिकार्जुन खरगे

6 हवलदार राकेश कुमार शर्मा: कड़ी नजर और जोरदार जवाब से बचाई अपने कई साथियों की जान

7 नो एंट्री के सीक्वल में एंट्री नहीं मिलने से नाराज हुए अनिल कपूर


## फर्स्ट टेक

### कश्मीर में प्राचीन मार्तंड मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना



**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अनंतनाग जिले में आठवीं शताब्दी के पुराने मार्तंड सूर्य मंदिर की 'सुरक्षा, संरक्षण और जीर्णोद्धार' पर चर्चा के लिए अगले सप्ताह यहां अधिकारियों की एक बैठक बुलाई है। श्रीनगर से लगभग 63 किलोमीटर दक्षिण में मट्टन के केहरिबल क्षेत्र में स्थित यह मंदिर देश के सबसे पुराने सूर्य मंदिरों में से एक माना जाता है और अमूल्य प्राचीन आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा राष्ट्रीय महत्व का स्थल घोषित किया गया है और यह केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सूची में भी आता है।

### मास्को आतंकवादी हमले में मृतकों की संख्या 144 हुई

**मास्को/एजेन्सी।** मास्को के क्रॉकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट पर किये गये आतंकवादी हमलों में 695 लोग हताहत हुये थे जिनमें से 144 की मौत हो गयी है। रूस के आपात मंत्रालय (इमरकोम) के मुख्य विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरकोम ने बताया कि 30 मार्च की सुबह छ बजे की रिपोर्ट के अनुसार आतंकवादी हमले में 695 लोग (इनमें 15 बच्चे हैं ) हताहत हुये थे। इस वारदात में 144 लोगों ( इनमें पांच बच्चे हैं ) की मौत हो गयी है।

### द.अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक


**जोहानिसबर्ग/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में खड़े नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण उन्हें उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जांच आयोग की सुनवाई बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत द्वारा 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी 'अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस' (एएनसी) ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। गुप्ता परिवार पर देश के स्वामित्व वाले 'एस्कॉम' जैसे उद्यमों से अरबों की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

| | |
|---|---|
| 31-03-2024 सूर्यास्त 6:31 बजे | 01-04-2024 सूर्योदय 6:15 बजे |
| BSE 73,635.48 (+639.16) | NSE 22,326.90 (+203.25) |
| सोना 6,891 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 76,311 रु. प्रति किलो |

## नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, स्वामीनाथन सहित

# चार हस्तियां भारत रत्न से सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए गए पुरस्कार उनके परिवार के सदस्यों ने लिए। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए मुर्मू से यह सम्मान उनके पुत्र पी वी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया।

चौधरी चरण सिंह के लिए उनके पोते और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान स्वीकार किया। स्वामीनाथन की ओर से उनकी बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर की ओर से उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह पुरस्कार लिया।

इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सरकार ने इस साल राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री एल के आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की थी।



# कांग्रेस ने आयकर नोटिस के खिलाफ पूरे देश में किया प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने आयकर विभाग द्वारा 1,823 करोड़ रुपये के कथित कर बकाये को लेकर भेजे गए नोटिस के खिलाफ शनिवार को कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि वह केंद्र के 'कर आतंकवाद' से नहीं डरेगी। इस पर, भाजपा ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल 'कर धोखाधड़ी' करने के बाद देश को गुमराह कर रहा है और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने कहा, ''मुझे भी कल रात आयकर से एक नोटिस मिला, जबकि उस मामले का पहले ही निपटारा हो चुका है। मैं और मेरे निजी सहायक तथा बाकी सभी लोग हैरान थे।'' उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं से जुड़े कई मामले हैं, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि उन्होंने मामलों का विवरण सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने एक बयान में कहा, ''विपक्षी दलों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाने वाला आयकर विभाग रहस्यमय तरीके से भाजपा के कर उल्लंघनों पर आंखें मूंद लेता है। जनता इतनी अज्ञानी नहीं है कि यह सवाल न करे कि आयकर विभाग की आंखों पर पट्टी कौन बांध रहा है।'' उन्होंने कहा, ''आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार से भयभीत भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जैसी स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।'' सिद्दरामैया ने कहा, ''इस हथकंडे के तहत उसने हमारी पार्टी के खिलाफ 'कर आतंकवाद' का इस्तेमाल किया है। भाजपा इस भ्रम में है कि वह हमारी पार्टी को कमजोर करके चुनाव जीत सकती है।''

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार अलग-अलग तरीकों से कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन पार्टी इन हथकंडों से डरने वाली नहीं है।

### भाजपा ने जारी की 11 उम्मीदवारों की आठवीं सूची

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी की। पार्टी ने पूर्व राजनयिक तरणजीत सिंह संधू को अमृतसर से टिकट दिया है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में ओडिशा के लिए तीन, पंजाब के लिए छह और पश्चिम बंगाल के लिए दो उम्मीदवार घोषित किए हैं। इस सूची में दलबदलुओं को वरीयता दी गई है। हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में आए सुशील रिंकू को पंजाब के जालंधर सीट से तथा कांग्रेस का दामन छोड़कर इस पार्टी में शामिल रवनीत सिंह बिट्टू एवं परनीत कौर को क्रमश: लुधियाना और पटियाला सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए भर्तृहरि महताब को ओडिशा के कटक से टिकट दिया गया है। वह कटक से निवर्तमान सांसद और बीजद के संस्थापक सदस्य हैं।

### पीएफआई के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पीएफआई के तीन सदस्यों को धन शोधन के आरोपों पर गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अनशद बदरुद्दीन और फिरोज के. पीएफआई के लिए शारीरिक प्रशिक्षु के तौर पर काम कर रहे थे।

## न्यूजक्लिक मामला

### दिल्ली पुलिस ने आरोप-पत्र दाखिल किया, पुरकायस्थ का नाम शामिल

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने समाचार पोर्टल न्यूज़क्लिक के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में शनिवार को 8000 से अधिक पन्नों का आरोप-पत्र दायर किया, जिसमें पोर्टल और इसके संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को आरोपी बनाया गया है। पोर्टल एवं पुरकायस्थ पर अपनी कहानियों के जरिये चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में धन प्राप्त करने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, आरोप-पत्र कई हजार पन्नों का है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह और सूरज राठी के अनुसार, आरोप-पत्र में पुरकायस्थ एवं पीपीके न्यूज़क्लिक स्टुडियो प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। अदालत के सूत्रों ने कहा है कि आरोप-पत्र में संलग्नकों के साथ 8000 से अधिक पन्ने हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की गई है।



## आबकारी नीति मामले में

# ईडी ने दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत से पांच घंटे पूछताछ की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में शनिवार को दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता कैलाश गहलोत से लगभग पांच घंटे पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली आबकारी नीति अब रद्द हो चुकी है।

नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गहलोत (49) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। ईडी ने इस मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

कैलाश गहलोत ने सुबह करीब साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश किया और वह करीब साढ़े चार बजे कार्यालय से निकले। मंत्री ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी के सभी सवालों का जवाब दिया। गहलोत ने कहा कि वह जांच में सहयोग करते रहेंगे।

# नीदरलैंड के एडे शहर में बंधक संकट खत्म, पुलिस ने संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**हेग/वार्ता/स्पूतनिक।** नीदरलैंड की पुलिस ने नाइट क्लब में लोगों के बंधक बनाए जाने की वजह से घंटों तक रही तनाव की स्थिति के बाद इमारत से बाहर निकले एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शनिवार सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आखिरी बंधक को अभी-अभी छोड़ा गया। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, इस समय हम अधिक सूचना नहीं साझा कर सकते। सशस्त्र पुलिस द्वारा हाथ खड़ा कर घुटनों के बल बैठने का आदेश दिए जाने से पहले वह व्यक्ति क्लब से बाहर चला गया। बाहर उसे गिरफ्तार करने और हथकड़ी पहनाए जाने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस वाहन से उसे ले जाया गया।








# व्यवसायों पर मजबूत, अधिक समावेशी भारत बनाने की जिम्मेदारी : अंबानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी ने शनिवार को कहा कि उद्योग जगत पर एक मजबूत और अधिक समावेशी भारत बनाने की जिम्मेदारी है।



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भरोसा जताया कि उद्योग जगत अगले कुछ दशकों में 100 अरब डॉलर के निर्यात स्तर को छूने के अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, ''व्यावसायिक समुदाय के रूप में हम सभी की सामूहिक रूप से जिम्मेदारी है कि हम एक मजबूत, बेहतर और अधिक समावेशी भारत का निर्माण करें, ताकि हमारे प्रधानमंत्री ने अगले दशकों में हमारे लिए एक विकसित भारत, एक पूर्ण विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, उसे पूरा किया जा सके।''

अंबानी ने पिछले कुछ दशकों में निर्यात को 40 अरब डॉलर तक पहुंचाने और देश में 50 लाख से अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए रत्न और हीरा उद्योग को बधाई दी।

अंबानी ने कहा कि पालनपुर के लोगों के नेतृत्व में एक छोटी शुरुआत से आज उद्योग ने एक बड़ी प्रगति की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें इस काम पर 'गर्व' है।

# नौ समुद्री लुटेरों को भारत लाया जा रहा : नौसेना

**नई दिल्ली/भाषा।** समुद्र में अपहृत किए गए मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज और इसके 23 सदस्यीय पाकिस्तानी चालक दल को बचाने के एक दिन बाद भारतीय नौसेना ने शनिवार को कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नौ समुद्री डाकुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भारत लाया जा रहा है।



जलदस्युओं के खिलाफ समुद्री डकैती रोधी अधिनियम, 2022 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नौसेना के प्रवक्ता द्वारा साझा किए गए एक बयान के अनुसार, भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीम मछली पकड़ने वाले जहाज 'अल-कंबर' की सभी जांच पूरी कर चुकी है। इसमें कहा गया, मछली पकड़ने की गतिविधियों को जारी रखने के लिए पोत को मंजूरी देने से पहले चालक दल में शामिल 23 पाकिस्तानी नागरिकों की गहन चिकित्सा जांच की गई।

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को जलदस्यु रोधी अभियान के तहत 12 घंटे से अधिक के गहन सामरिक उपायों के बाद मछली पकड़ने वाले अपहृत ईरानी जहाज और इसके चालक दल को बचा लिया था।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बक-झक

इक दूजे को देते धत्ता,
करते नित प्रति चिक चिक हैं।
आरोपों प्रत्यारोपों से,
करते केवल झिक झिक हैं।
गोल नहीं होता है उनसे,
मार रहे कोरी किक हैं।
कहते हैं वे स्वस्थ स्वयं को,
पर सचमुच में वे सिक हैं।।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, मैंने आपको गुरु-स्वरूप और गुरु-रूप में देखकर स्वीकार किया है पर एक दिन मैंने आपके गुरु के बारे में पूछा तो आपने कहा कि गुरु तो हरेक मनुष्य के होते हैं और आपके भी गुरु हैं पर, आगे कुछ नहीं कहा। फिर किसी दिन किसी प्रसंग में आपने मुझसे ही ये भी कहा कि, न तो 'मेरे' गुरु का कोई गुरु होना संभव है और ना ही 'आपके' गुरु का कोई गुरु है। इन दोनों बातों का एक साथ सत्य होना कैसे संभव है? क्योंकि, जो 'आपके' गुरु हैं वे 'मेरे' गुरु के गुरु तो होंगे ही न? क्या मैंने कुछ ग़लत सुन लिया है? क्योंकि, मैं इसी बिंदु पर अटक गया हूँ और शांत नहीं हो पा रहा हूँ। मन तर्क वितर्क करता ही रहता है इसलिए आपको लिख रहा हूँ।

**उत्तर:** जो आपने लिखा है उससे यह तो स्पष्ट है कि आपने वही सुना है जो कहा गया है। किंतु जो सुना है उसे समझा वही नहीं है जो कालातीत चैतन्य से कहा गया है। सद चिंतन करने से कालचक्र भेदन हो जाता है तब समझ स्पष्ट हो जाती है ।अतः निश्चिंत होकर चिंतन कीजिए। हरेक शिष्य की दृष्टि में उसके गुरु तत्वतः सर्वव्यापी और सनातन स्वरूप होते हैं तो फिर (उसकी दृष्टि में ) दूसरा कोई कहीं होना संभव ही कैसे है ? सब उसी के नाना रूप ही होंगे न- जो है। इसलिए विशुद्ध तर्क दृष्टि से भी देखोगे तो भी तो आप इसी निष्कर्ष पर आओगे कि जिसकी दृष्टि में अनेक गुरु हैं उसका किसी को गुरु मानना तो दूर की बात है उसने तो गुरु को अभी परं तत्व संकल्पना में तक में भी नहीं जाना है स्वरूप की तो बात ही दूर है। क्योंकि मानता तो कोई जानने के उपरांत ही है। और, जो जान जाता है उसकी दृष्टि में, जिसे भी उसने परं (सर्वव्यापी) जाना उसके अतिरिक्त तत्वतः दूसरे किसी का होना कहाँ और कैसे संभव हो सकता है? इसी बिंदु पर मंथन कीजिए तो सारा भ्रम हट जाएगा और सब स्पष्ट हो जाएगा।

# विजयन ने केंद्र सरकार पर देश की धर्मनिरपेक्षता व लोकतंत्र को खतरे में डालने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम/भाषा। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह भारत के धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक ताने-बाने को खतरे में डालने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर भी हमला बोला, जिसने 2019 के चुनाव में राज्य की 20 लोकसभा सीट में से 19 सीट पर जीत दर्ज की थी।

विजयन ने आरोप लगाया कि यूडीएफ के सांसद संसद में केरल की आवाज उठाने में असमर्थ तथा मूकदर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि देश की धर्मनिरपेक्षता को खतरे में डालने के भाजपा नीत केंद्र सरकार के बार-बार के कदमों के परिणामस्वरूप लोगों का एक बड़ा वर्ग इस बात को लेकर चिंतित है कि क्या वे आगे इस देश में रह सकते हैं। विजयन ने कहा, देश में करोड़ों लोग डर के साए में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का विश्व समुदाय के समक्ष भारत के लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश होने की छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। विजयन ने कहा, संयुक्त राष्ट्र और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाओं के साथ ही अमेरिका और जर्मनी जैसे देश भारत में हाल में हुए कुछ घटनाक्रम की आलोचना कर रहे हैं और यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या यहां लोकतांत्रिक तरीकों का पालन किया जा रहा है।

कई देशों और वैश्विक संगठनों ने आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ ही विवादित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के क्रियान्वयन को लेकर हाल में भारत की आलोचना की है।

विजयन ने केंद्र की आर्थिक नीतियों की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसके कारण भारत समृद्धि के मामले में दुनिया में 55वें स्थान से 107वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की नजर में एक गरीब देश है। उन्होंने कहा, इसका कारण सरकारी नीतियां हैं जो लोगों के लाभ के लिए नहीं, बल्कि अमीरों को और अधिक अमीर बनाने के लिए हैं। जहां विश्व में, भारत में सबसे ज्यादा गरीब हैं, वहीं देश में केरल में सबसे कम गरीब हैं। ऐसा इसलिए है कि राज्य सरकार लोगों के लिए काम कर रही है।

# ईस्टर प्रेम एवं करुणा का प्रतीक : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई देते हुए सभी से समाज में प्रेम व सौहर्द्र फैलाने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

ईस्टर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, यह त्योहार यीशु मसीह के पुनरुत्थान के उत्सव का है तथा प्रेम एवं करुणा का प्रतीक है। ईस्टर



संदेश देता है कि सत्य शाश्वत है और हमें त्याग और क्षमा का मार्ग दिखाता है। ईसा मसीह की शिक्षाएं हमें शांति और सद्भाव के मार्ग पर ले जाती हैं। उन्होंने कहा, आइए हम यीशु मसीह के मूल्यों को अपनाकर अपने समाज में प्रेम और सौहार्द्र फैलाएं और अपने राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत और विदेश में रहने वाले सभी नागरिकों, विशेषकर ईसाई भाइयों और बहनों को ईस्टर की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## मुलाकात



टीडीपी के पूर्व सांसद नंदमुरी हरि कृष्णा, नंदमुरी सुहासिनी की बेटी ने शनिवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। तस्वीर में टीडीपी प्रभारी दीपादास मुंशी और मंत्री कोंडा सुरेका भी नजर आ रहे हैं।

# कर्नाटक की भाजपा नेता तेजस्विनी गौड़ा और हैदराबाद की मेयर विजयलक्ष्मी कांग्रेस में शामिल

बेंगलूरु/नई दिल्ली/हैदराबाद। कर्नाटक में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता तेजस्विनी गौड़ा शनिवार को नयी दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गईं। उधर, हैदराबाद में ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की मेयर विजयलक्ष्मी आर गडवाल भी कांग्रेस में शामिल हुईं। नयी दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी महासचिव जयराम रमेश और पार्टी के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा की उपस्थिति में गौड़ा यहां कांग्रेस में शामिल हुईं। इस दौरान गौड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। गौड़ा 2004 से 2009 के बीच कांग्रेस सांसद रहीं और 2014 में भाजपा में शामिल हो गई थीं।

जयराम रमेश ने कहा हम कर्नाटक की राजनीति में सक्रिय नेता तेजस्विनी गौड़ा का कांग्रेस में स्वागत करते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि तेजस्विनी जी आने वाले चुनाव में सक्रिय रहेंगी। तेजस्विनी 2004 से 2009 के बीच कांग्रेस सांसद के तौर पर विभिन्न मुद्दों पर मुखर रहीं। हमें खुशी है कि वह कांग्रेस में लौट आयी हैं। गौड़ा ने कहा कि कांग्रेस महज जबानी जमा खर्च में नहीं, बल्कि काम में विश्वास करती है और इतिहास इसका साक्षी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। पूर्व पत्रकार गौड़ा ने विश्वास जताया कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की 28 में से 23 सीट जीतेगी। गौड़ा 2014 में भाजपा में शामिल होने के बाद 2018 में विधायक बन गईं। वह भाजपा की प्रवक्ता भी रही थीं। एमएलसी के रूप में उनका कार्यकाल जून 2024 में समाप्त होना था।

वह कनकपुरा क्षेत्र से 14वीं लोकसभा (2004-2009) की सदस्य थीं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जनता दल (एस) के प्रत्याशी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को हराया था। वहीं, हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी दीपादास मुंशी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में (जीएचएमसी) की मेयर विजयलक्ष्मी आर गडवाल कांग्रेस में शामिल हुईं। विजयलक्ष्मी के कांग्रेस में शामिल होने से लोकसभा चुनाव में जीएचएमसी सीमा में पार्टी को बढ़त मिलने की उम्मीद है।

# मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए गए लोगों के योगदान की सराहना की और पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न एक ऐसी विभूति को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है और समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा, पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कर्पूरी जी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उनको भारत रत्न का सम्मान, हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि मंत्री एम एस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए गए पुरस्कार उनके परिवार के सदस्यों ने लिए। मोदी ने कहा, चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके



अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

चौधरी चरण सिंह के लिए उनके पोते और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव ने हमारे देश के लिए जो किया है, हर भारतीय उसकी प्रशंसा करता है और गर्व महसूस करता है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा, राव ने हमारे देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है। उनके योगदान को हमेशा संजोया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए मुर्मू से यह सम्मान उनके पुत्र पी वी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन कृषि की दुनिया में एक सम्मानित हस्ती थे और आनुवंशिकी व कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य और अनुसंधान के लिए व्यापक रूप से उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने कहा, उनके उल्लेखनीय योगदान तथा प्रयासों ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया।

मैं कामना करता हूं कि उन्हें दिया गया भारत रत्न कृषि और खाद्य सुरक्षा में अनुसंधान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करे। स्वामीनाथन की ओर से उनकी बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर की ओर से उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह पुरस्कार लिया। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## शामिल



गुवाहाटी में कांग्रेस नेता मानस बोरा शनिवार को पार्टी कार्यालय में असम प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गये।

## जश्न



पटना में राष्ट्रपति द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने के बाद भाजपा के पिछड़े वर्ग के कार्यकर्ता शनिवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में जश्न मनाते हुए।

# टोड़ीवाला ऑक्शन द्वारा प्रस्तावित प्राचीन जैन प्रतिमाओं की नीलामी नहीं होने देंगे : विश्व जैन संगठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। मुम्बई के टोड़ीवाला ऑक्शंस द्वारा अपनी वेबसाइट पर जैन तीर्थंकरों की 15 प्राचीन प्रतिमाओं की नीलामी के लिए लाखों रुपए की बिड लगवाना जैन धर्म और तीर्थंकरों का अपमान होने के साथ कानूनन अपराध भी है। विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि 16 अप्रैल को मुम्बई में टोड़ीं ऑक्शन द्वारा ताजमहल पैलेस में प्रस्तावित क्लासिकल इंडियन आर्ट 3 नीलामी किए जाने के लिए अपनी वेबसाइट पर प्राचीन पूज्य जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं के लिए लाखों रुपए की बोलियां लगवाना दुखद व अपमानजनक है और किसी भी किसी भी कीमत पर जैन समाज यह नीलामी नहीं होने देगा और इसकी शिकायत मुंबई पुलिस, सीबीआई, पुरातत्व विभाग, संस्कृति मंत्रालय और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में की गई है।

विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आकाश जैन ने बताया कि पुरावशेष और बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम के अनुसार प्राचीन धार्मिक मूर्तियों को इंटरनेट पर नीलाम नहीं किया जा सकता और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा भी सूचना के अधिकार के तहत संगठन को सूचित किया गया है।

# मप्र में भोजशाला परिसर में सर्वेक्षण के नौवें दिन खुदाई जारी

धार (मप्र)/भाषा। मध्यप्रदेश के धार जिले के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अदालत की निगरानी में किए जा रहे सर्वेक्षण के तहत खुदाई की प्रक्रिया जारी है।

सर्वेक्षण की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने शनिवार को बताया कि खुदाई के दौरान एकत्रित मिट्टी और पत्थर एएसआई द्वारा सुरक्षित रखे जा रहे हैं।

यह सर्वेक्षण 22 मार्च को शुरू हुआ था और आज सर्वेक्षण का नौवां दिन है।

हिंदुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले आशीष गोयल इस प्रक्रिया के दौरान एएसआई दल के साथ रहे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि नई वैज्ञानिक पद्धतियों, ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर), ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस), कार्बन डेटिंग का इस्तेमाल कर बिना किसी विराम के सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिसर की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करायी जा रही है।

गोयल ने कहा, यह शाश्वत सत्य है कि भोजशाला का निर्माण राजा भोज ने कराया था। शिलालेख, स्तंभों और भोजशाला के प्रत्येक अंश से पता चलता है कि यह एक हिंदू संरचना है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि लंदन से मां वाग्देवी (सरस्वती) की मूर्ति लाए जाने के बाद उसे भोजशाला में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, कल (शुक्रवार) तक किए सर्वेक्षण में भोजशाला के बाहरी हिस्सों में स्थित तीन स्थानों की खुदाई की गई और यह प्रक्रिया जारी है। खुदाई के दौरान एकत्रित किए मिट्टी और पत्थर जैसी विभिन्न सामग्री को संरक्षित किया जा रहा है।

अदालत ने 'हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस' की एक याचिका पर एएसआई को 50 मीटर के क्षेत्र पर सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक ही सर्वेक्षण किया गया क्योंकि इस दिन मुस्लिमों को परिसर में नमाज पढ़ने की अनुमति दी जाती है।

# 'आप' ने लगाया आबकारी नीति घोटाले के गवाह और भाजपा के बीच संबंध का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कथित आबकारी नीति घोटाले के एक गवाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच संबंध होने का आरोप लगाया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इसकी जांच कराने की चुनौती दी।

आप के वरिष्ठ नेताओं- दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी को भाजपा की सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है। मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को आबकारी नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

आतिशी ने कहा, मैं ईडी को चुनौती देती हूं कि अगर यह एक स्वतंत्र जांच एजेंसी है कि वह इस 'कनेक्शन' (संबंध) को रिकॉर्ड में लाए और इसकी जांच करे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का शराब व्यापारियों की तथाकथित 'साउथ लॉबी' से संबंध है। आप के आरोप पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। आप नेताओं ने दावा किया कि केजरीवाल को चार बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था जिनमें मगुंटा का बयान भी शामिल है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। आतिशी ने आरोप लगाया, इससे पहले, आबकारी नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ एक और गवाह सरत रेड्डी ने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से भाजपा को 55 करोड़ रुपए का भुगतान किया था, जो साबित करता है कि पार्टी का 'साउथ लॉबी' से संबंध है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी ने गवाहों को तब तक ''प्रताड़ित'' किया जब तक कि उनसे केजरीवाल के खिलाफ बयान नहीं मिल गए।

आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से पूछताछ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, वे मुझे, भारद्वाज और अन्य आप नेताओं को बुला सकते हैं और हमें गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन हम जेल जाने से नहीं डरते।

# विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर पर

मुंबई/भाषा। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.631 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। यह लगातार पांचवां सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.39 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 642.49 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 12.3 करोड़ डॉलर घटकर 568.38 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## विरोध




शिमला में शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किए जाने के विरोध में खड़े तीन निर्दलीय विधायक।



कोलार लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार गौतम ने कावेरी आवास पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया।

### कांग्रेस ने अंदरुनी कलह के बीच

## केवी गौतम को कोलार लोकसभा सीट से बनाया उम्मीदवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अंदरुनी खींचतान के बाद कांग्रेस ने शनिवार को कोलार लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया। कांग्रेस ने इस सीट उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया था। पांच विधायक सहित एक केंद्रीय मंत्री ने टिकट बंटवारे को लेकर उपजे विवाद के बीच इस्तीफे की धमकी दी थी। बेंगलूरु के पूर्व मेयर विजयकुमार के बेटे केवी गौतम को आखिरकार टिकट आवंटित कर दिया गया। गौतम कोलार से ही हैं और उनके पिता कांग्रेस पार्टी के वफादार कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं।

पार्टी ने 27 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान पहले ही कर दिया था, लेकिन कोलार सीट पर प्रत्याशी के ऐलान को रोका हुआ था। खाद्य मंत्री केएच मुनियप्पा के दामाद चिक्का पेद्दन्ना को टिकट देने के विरोध में पांच विधायक सहित एक केंद्रीय मंत्री ने इस्तीफे की पेशकेश की थी। उन्होंने तर्क दिया कि मंत्री मुनियप्पा की बेटी रूपकला शशिधर विधायक थीं और उन्हें कर्नाटक राज्य हस्तशिल्प निगम का अध्यक्ष बनाया गया था और उनके परिवार को फिर से टिकट देना अनुचित होगा। पार्टी को परोक्ष अल्टीमेटम देते हुए मंत्री मुनियप्पा ने आलाकमान से कहा था कि अगर उनके दामाद को टिकट आवंटित किया गया, तो वह कांग्रेस उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करेंगे।

हालांकि, कांग्रेस ने अब इस अंसतोष को शांत करने के लिए नए चेहरे को चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया। कोलार सांसद सीट पर उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोलार सीट अपने सहयोगी जनता दल (एस) के लिए आरक्षित की है, जिसने एम मल्लेश बाबू को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

## आयकर विभाग ने ऐसे मामले में मुझे नोटिस दिया, जिसका निपटारा पहले ही हो चुका हैः शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि उन्हें एक आयकर नोटिस मिला है, हालांकि उनके खिलाफ उस मामले का 'निपटारा हो चुका' है। केंद्र पर विपक्ष को परेशान करने का आरोप लगाते हुए, कनकपुरा के विधायक एवं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कांग्रेस और 'इंडि' गठबंधन से डर लगता है।



शिवकुमार ने कहा, ''मुझे भी कल रात आयकर से एक नोटिस मिला, जबकि उस मामले का पहले ही निपटारा हो चुका है। मैं और मेरे निजी सहायक तथा बाकी सभी लोग हैरान थे।'' शिवकुमार ने कहा, मामला अदालत में होने के बावजूद आयकर अधिकारी सभी जगहों पर जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं से जुड़े कई मामले हैं, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई होने की उम्मीद नहीं्। हालांकि उन्होंने मामलों का विवरण सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया।

शिवकुमार ने कहा, ''मैं कर्नाटक से मौजूदा केंद्रीय मंत्री के खिलाफ (मामले) सहित (अन्य मामलों का) उल्लेख नहीं करना चाहता, लेकिन पिछले चार-पांच वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसी गवाह को नहीं बुलाया गया, कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया गया।''

## कांग्रेस को 'कर आतंकवाद' से डराया नहीं जा सकता : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोचती है कि वह 'कर आतंकवाद' से कांग्रेस पार्टी को भयभीत कर सकती है तो वह गलत है। कांग्रेस को 1,823 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिद्दरामैया ने आरोप लगाया कि भाजपा को लोकसभा चुनाव हारने का डर है और इसलिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके 'पार्टी को आतंकित' कर रही है।

उन्होंने कहा, ''आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार से भयभीत भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जैसी स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''इस हथकंडे के तहत उसने हमारी पार्टी के खिलाफ कर आतंकवाद' का इस्तेमाल किया है। भाजपा इस भ्रम में है कि वह हमारी पार्टी को कमजोर करके चुनाव जीत सकती है।'' उन्होंने कांग्रेस नेताओं का हवाला देते हुए कहा कि 2017 और 2018 के बीच, भाजपा ने 92 अज्ञात दानदाताओं से और 1,297 ऐसे दानदाताओं से चंदा लिया जिनके पते का विवरण नहीं था।

सिद्दरामैया ने सवाल किया, क्या यही मानदंड (कर मांग बढ़ाने का) भाजपा पर लागू नहीं किया जाना चाहिए, अगर ऐसा होता है तो उसे पिछले सात वर्षों में कर विसंगतियों के लिए 4,263 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक आते ही आयकर विभाग तृणमूल कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)समेत विपक्षी दलों के खिलाफ 'कर आतंकवाद' को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के मामले में 'अतिसक्रिय' हो गया है।

## गुणरंजन शेट्टी भारतीय बीच कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक कुश्ती संघ के अध्यक्ष बेलिपदी गुणरंजन शेट्टी को भारतीय बीच कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना गया है। नोएडा में आयोजित भारतीय कुश्ती संघ की एक विशेष साधारण बैठक में उन्हें भारतीय बीच कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना गया। गत वर्ष उन्हें भारतीय कुश्ती संघ का संयुक्त सचिव चुना गया था। दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर के बेलिपपाड़ी परिवार से आने वाले गुणरंजन शेट्टी अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी के भाई हैं।

### कांग्रेस विधायक ने कुमारस्वामी पर कसा तंज

## कहा, हमेशा चुनाव से पहले अस्पताल में भर्ती होते हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। कर्नाटक कांग्रेस के विधायक रमेश ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी हमेशा ही चुनाव से पहले अस्पताल में भर्ती हो जाते हैं। मालवल्ली शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक ने कहा, जब कभी-भी चुनाव नजदीक आता है, कुमारस्वामी दिल की समस्या का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो जाते हैं।

विधायक रमेश ने सवाल किया, इस बार, हार्ट की सर्जरी की वजह से कुमारस्वामी तीन दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे। इसके बाद वो अगले ही दिन दौरे के लिए रवाना हो गए। उन्होंने कहा, कृषि मंत्री एन. चेलुवरायस्वामी को कुमारस्वामी जैसी ही दिल की बीमारी है। हालांकि, जब चेलुवरायस्वामी अपनी बीमारी का इलाज कराते हैं, तो उन्हें महीनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है।

रमेश ने आगे कहा, आखिर कोई सर्जरी के दो तीन दिन बाद कैसे डिस्चार्ज हो सकता है? अगर यह मुमकिन है, तो मैं इसके बारे में जानना चाहता हूं। उन्होंने कहा, उन लोगों की बात न सुनें जो समस्याएं बताते रहते हैं। उनसे सवाल करें कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने क्या किया। कांग्रेस उम्मीदवार की महत्वपूर्ण अंतर से जीत सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी की 21 मार्च को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में सफल हार्ट सर्जरी हुई। यह उनकी तीसरी सर्जरी थी।


## यह मेरा गौरव नहीं है, यह एक कन्नड़िगा का स्वाभाविक स्वाभिमान है : सिद्दरामैया

### देवेगौड़ा ने राज्य की जनता को निराश किया है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जद (एस) नेता एचडी देवेगौड़ा ने मेरा घमंड तोड़ने की कसम खाई है। लेकिन मेरा न तो अभिमान है और न ही अहंकार्। यह कन्नड़वासियों का सहज आत्म-सम्मान है जो कन्नड़, उसके लोगों और कर्नाटक की सुरक्षा के लिए मजबूत और दृढ़ संकल्पित है। मैं विनम्रतापूर्वक देवेगौड़ा का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करता हूं। देवेगौड़ाजी, मैं व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए किसी के साथ समझौता नहीं कर सकता। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो मैं कर्नाटक के हितों का विरोध करने वालों के साथ समझौता करने के बजाय राजनीति से संन्यास लेना पसंद करूंगा।

सिद्दरामैया ने कहा कि देवेगौड़ा के साथ मेरे राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, मैं हमारी भूमि, जल और भाषा की रक्षा पर उनके रुख का सम्मान करता हूं। हालाँकि, पिछले 10 वर्षों में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने लगातार कर्नाटक के हितों के खिलाफ काम किया है। हमारे राज्य ध्वज का विरोध किया है, हिंदी को लागू किया है, और कावेरी, कृष्णा और महादायी जल विवादों में अनुचित व्यवहार किया है, और केंद्रीय संस्थानों में कन्नड़ युवाओं को धोखा दिया है। ..कर्नाटक के साथ इन विश्वासघातों के बावजूद, जब आपने दावा किया कि मोदी और शाह के पास भारत की सभी समस्याओं का समाधान है, तो क्या यह आपकी अंतरात्मा को नहीं चुभा?



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा करों के वितरण में किए गए अन्याय के लिए कोई बहाना नहीं है, जो केंद्रीय खजाने में कन्नडिगाओं द्वारा योगदान किए गए प्रत्येक रुपये के लिए केवल तेरह पैसे लौटाती है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में क्षेत्रीय दल केंद्र सरकार के अन्यायों की मुखर आलोचना कर रहे हैं। हालाँकि, कर्नाटक में क्षेत्रीय पार्टी जद (एस) ने हमारी भूमि, जल और भाषा के विरोधियों के साथ समझौता करके कन्नडिगाओं को धोखा दिया है।

उन्होंने कहा, आदरणीय देवेगौड़ा, जिन्होंने राजनीति में 70 साल बिताए और कन्नडिगाओं का प्यार और सम्मान अर्जित किया, क्या आपको अपने आत्मसम्मान पर ठेस नहीं पहुंची जब आपने घोषणा की, हम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ेंगे? क्या आपको कन्नड़ और कर्नाटक के विरोधी किसी नेता के सामने समर्पण करना सभी कन्नड़ लोगों के साथ विश्वासघात जैसा नहीं लगा? क्या आपके भीतर का राजनीतिक नेता इतना कमजोर और असहाय हो गया है? देवेगौड़ाजी, जिन्होंने हमेशा क्षेत्रीय मुद्दों की वकालत की है और अपने पूरे राजनीतिक जीवन में केंद्र के प्रभुत्व पर सवाल उठाए हैं, ऐसा लगता है कि उन्होंने अपने बाद के वर्षों में राजनीतिक रूप से समझौता कर लिया है।

इस बदलाव को चाहे किसी ने भी प्रभावित किया हो, सच तो यह है कि देवेगौड़ा ने महज राजनीतिक लाभ के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करके साढ़े छह करोड़ से अधिक कन्नड़वासियों को निराश किया है। विश्वासघात का यह कृत्य अनिवार्य रूप से देवेगौड़ा और उनकी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण परिणामों का कारण बनेगा।

### सांसद लहर सिंह सिरोया ने उठाया सवाल

## 'कांग्रेस अपने आयकर रिटर्न में क्या छिपा रही है?'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस को मिले आयकर नोटिस और इस संबंध में उसके नेताओं की बयानबाजी को लेकर भाजपा के राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने शनिवार को विपक्षी पार्टी पर कई सवाल दागे। उन्होंने पूछा- 'कांग्रेस अपने आयकर रिटर्न में क्या छिपा रही है?'



सांसद ने अपने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर जारी वक्तव्य में कहा, 'मैं कोई सीए या वकील नहीं हूं, लेकिन मैंने कई वर्षों तक कर्नाटक में अपनी पार्टी के कोषाध्यक्ष के तौर पर काम किया है। मेरे पास कांग्रेस - जो उसको भेजे गए आयकर नोटिस को लेकर अपनी चालाकीपूर्ण भाषा में हंगामा खड़ा कर रही है - के लिए एक टिप्पणी समेत दो सामान्य सवाल हैं।

उन्होंने पूछा, 'ऐसा क्यों है कि आप अपनी आय का संशोधित रिटर्न दाखिल करना चाहते हैं? आयकर विभाग या न्यायाधिकरण और अदालत इसकी इजाजत क्यों नहीं दे रहे हैं? क्या नियम आपके खिलाफ काम करने के लिए नए बनाए गए हैं या ये ऐसे नियम हैं, जो हर किसी के लिए समान हैं?'

सांसद सिरोया ने पूछा, 'क्या कोई ऐसे फंड थे, जो कांग्रेस द्वारा घोषित नहीं किए गए थे और पार्टी के व्यक्तियों के छापों के दौरान पाए गए थे? क्या अब आप इन्हें कर-मुक्त बनाने के लिए सुविधाजनक, पूर्व प्रभाव से, पार्टी से संबंधित दिखाना चाहते हैं? क्या यही कारण है कि आप अपने रिटर्न को अत्यधिक व्यग्रता से संशोधित करना चाहते हैं?'

उन्होंने कहा, 'आयकर रिटर्न को लेकर कांग्रेस की समस्या नई नहीं है। साल 1997 में कांग्रेस द्वारा एचडी देवेगौड़ा सरकार से समर्थन वापस लेने का एक कारण क्या उनका आयकर रिटर्न भी था? फिर भी वे नहीं चाहते कि उन्हें कानून का पालन करने के लिए कहा जाए।'

सांसद सिरोया ने पूछा, 'क्या आप (कृपया) याद कर सकते हैं कि साल 1997 में वित्त मंत्री कौन थे? मैंने पिछले सत्र के दौरान अपने राज्यसभा भाषण में इसका जिक्र किया था।'

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने दावणगेरे से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर अभद्र टिप्पणी की

### बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने की शिवशंकरप्पा की निंदा

दावणगेर/दक्षिण भारत। दावणगेरे दक्षिण से कांग्रेस विधायक एवं शिक्षाविद् शमनूर शिवशंकरप्पा ने निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर यह टिप्पणी करके विवाद खड़ा कर दिया कि वह केवल खाना बनाने के लिए उपयुक्त हैं। शिवशंकरप्पा (92) ने यह भी कहा कि गायत्री ठीक से बोल भी नहीं सकती हैं और उन्हें वोट मांगने से पहले अपने निर्वाचन क्षेत्र को समझना चाहिए।

उन्होंने हाल में बंट्स भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, वह ठीक से बोल भी नहीं पातीं। वह घर में खाना बनाने के लिए उपयुक्त हैं। लोकसभा चुनाव में जनता का समर्थन मांगने से पहले उन्हें दावणगेरे की समस्याओं को समझना चाहिए। बुजुर्ग विधायक ने कहा, ''वह मतदाताओं से



लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने के लिए कह रही हैं ताकि वह मोदी को कमल प्रस्तुत कर सकें।'' उन्होंने कहा, ''मोदी को कमल भेजने से दावणगेरे का विकास नहीं होता और विकास कार्य पहले होना चाहिए।''

गायत्री ने शिवशंकरप्पा की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि 'अज्जा' (बुजुर्ग व्यक्ति) को पता नहीं है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा, शमनूर शिवशंकरप्पा ने अपनी टिप्पणियों से महिलाओं का अपमान किया है। क्या हम केवल रसोई तक ही सीमित हैं? गायत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण को महत्व दिया है। लेकिन ये लोग महिलाओं का अपमान करते रहते हैं। शिवशंकरप्पा की टिप्पणी को लेकर विभिन्न हलकों में कड़ी आलोचना हुई। सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट में बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, महिला को रसोई तक ही सीमित रहना चाहिए- यह कहना है कर्नाटक के एक शीर्ष नेता शमनूर शिवशंकरप्पा जी का। दावणगेरे से भाजपा की उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर जी पर इस तरह की लैंगिक टिप्पणी की उस पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जो कहती है, 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं। साल 2020 में भाजपा में शामिल हुईं साइना ने कहा कि उन्होंने खेल के मैदान पर भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पदक जीते है, ऐसे में कांग्रेस उनके लिए क्या (कार्य) पसंद करेगी।

### आशीर्वाद



चिक्कबल्लापुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रक्षा रमैया ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए। आज उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से बी-फार्म प्राप्त किया।

## नामांकन पत्र भरने से ही मतदाताओं में जाएगा स्पष्ट संदेश : सुनील कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। नामांकन प्रक्रिया से ही मतदाताओं को स्पष्ट संदेश जाना चाहिए। भाजपा के प्रदेश महासचिव एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक वी. सुनील कुमार ने कहा कि हमारी अवधारणा है कि इसे विजयी नामांकन पत्र में तब्दील किया जाये। शनिवार को भाजपा चुनाव मीडिया सेंटर होटल जीएम रिजॉयज में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां 14 उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, वहीं भाजपा राज्य इकाई के वरिष्ठ सदस्यों की एक टीम और जेडीएस नेताओं की एक टीम भाग लेगी।

1 अप्रैल को बेंगलूरु सेंट्रल सांसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार पीसी मोहन अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस कार्यक्रम में बी.एस. येडीयुरप्पा, प्रह्लाद जोशी, डी. वी. सदानंद गौड़ा, आर. अशोक, बसवराज बोम्मई, सी. टी. रवि, अरविंद लिंबावली, सुरेश कुमार, जनार्दन रेड्डी, एस. रघु, तारा अनुराधा और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बन्नप्पा पार्क से बीबीएमपी तक रोड शो किया जाएगा।

3 अप्रैल को वहीं मैसूरु निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णराज वाडियार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा, जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी, नेता प्रतापसिम्हा, एमटीबी नागराज आदि भाग लेंगे। 3 अप्रैल को ही बेंगलूरु उत्तर से प्रत्याशी शोभा करंदलाजे गणपति मंदिर मैसूरु बैंक सर्कल से जिला कलेक्टर कार्यालय तक एक रोड शो आयोजित करेंगी। जिसमें विपक्ष के नेता आर अशोक, डॉ. अश्वत्थनारायण, बैराती बसवराजू, चलवाड़ी नारायणस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित होंगे। तीन अप्रैल को ही उडुप्पी-चिक्कमंगलूरु से कोटाश्रीविनास पुजारी, तुमकुण से सोमन्ना, चामराजनगर से एस बलराज आदि भी अपना नामांकन पत्र भरेंगे।

बेंगलूरु दक्षिण सीट से तेजस्वी सूर्या का नामांकन कार्यक्रम 4 तारीख को होगा। पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा, प्रल्हाद जोशी, आर.अशोक, डॉ. अश्वत्थनारायण, प्रतापसिम्हा, सुनीलकुमार, श्रीमती तारा अनुराधा इसमें भाग लेंगे। चित्रदुर्ग के गोविंदा करजोला 4 तारीख को नामांकन पत्र जमा करेंगे। जिसमें बीएस येडीयुरप्पा सहित माधुस्वामी, जर्नादन रेड्डी, वाईए नारायण स्वामी, एन रविकुमार, चिदानंद गौड़ा, राजेश गौड़ा आदि भाग लेंगे। इसी दिन चिक्कबलापुर से प्रत्याशी डॉ. सुधाकर नामांकन भरेंगे जिसमें येडीयुरप्पा सहित अनेक नेता उपस्थित होंगे।

सुनील कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी 26 तारीख को होने वाले चुनाव प्रचार की पूरी तैयारी कर रही है। हमारे पहले चरण के 14 उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया कल शुरु हो गई और हम सभी लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र जमा करने के लिए अच्छी तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अश्वत्थनारायण, सोशल मीडिया प्रदेश समन्वयक प्रशांत मकनूर, प्रदेश प्रवक्ता मोहन विश्व, कु. सुरभि होदिगेरे ने भाग लिया।



## कर्नाटक के लिए 40 स्टार प्रचारक होंगे : सुनील कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बीजेपी केंद्रीय समिति ने राज्य के लिए 40 स्टार प्रचारकों की घोषणा की है, बीजेपी के राज्य महासचिव और चुनाव प्रबंधन समिति के राज्य समन्वयक वी. सुनील कुमार ने कहा। शनिवार को बीजेपी चुनाव मीडिया सेंटर होटल जीएम रिजॉयज में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सूची के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, स्मृति ईरानी, शोभा करंदलाजे, ए. नारायणस्वामी आदि हैं। इसके साथ ही प्रमुखों में बीएस येडीयुरप्पा, ए. नारायणस्वामी, आर. अशोक, अन्नामलाई, डॉ. राधामोहनदास अग्रवाल, योगी आदित्यनाथ, हिमंत बिस्वा शर्मा, डॉ. प्रमोद सावंत, देवेन्द्र फडनवीस, बसवराज बोम्मई, सुधाकर रेड्डी, सदानंद गौड़ा, जगदीश शेट्टार, सीटी रवि, नलिन कुमार कटील, गोविंदा करजोला, डॉ. सीएन अश्वत्थनारायण, बी. श्रीरामुलु, अरविंद लिंबावली, सुनील कुमारआदि वह स्टार प्रमोटरों की सूची में शामिल है। इस मौके पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अश्वत्थनारायण, सोशल मीडिया प्रदेश समन्वयक प्रशांत मकनूर, प्रदेश प्रवक्ता मोहन विश्व, कु. सुरभि होदिगेरे ने भाग लिया।

### केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का सवाल

## मुख्यमंत्री के बेटे यतींद्र को देश की न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां पत्रकारों से बात करते हुए केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सवाल किया क्या मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उनके बेटे यतींद्र को देश की न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं है? उन्होंने यतीन्द्र पर निशाना साधते हुए कहा कि अमित शाह को उन्होंने उपद्रवी बताया। अमित शाह को उन्हीं की सरकार ने फर्जी मुठभेड़ मामले में फंसाया था। ट्रायल कोर्ट, हाई कोर्ट और आख़िरकार सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें उस मामले से बरी कर दिया। फिर भी अमित शाह की बात कर रहे हैं। जोशी ने उन पर देश की न्यायपालिका में विश्वास के बिना काम करने का आरोप लगाया।

एक मुख्यमंत्री के बेटे और एक बार विधायक रहे यतीन्द्र को कोर्ट



के फैसले के बावजूद इस तरह का बचकाना बयान देना उनके संस्कार को दर्शाता है। जोशी ने निंदा की कि यतींद्र न्यायपालिका से परे प्रमाणपत्र देने के स्तर पर पहुंच गये हैं। राज्य में जो कुछ भी होता है, उसका कारण वे केंद्र सरकार को बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह पिता और पुत्र दोनों का शौक बन गया है कि अगर कुछ अच्छा होता है तो वह मुख्य कारण बनता है। जो हर बात के लिए केंद्र को दोषी ठहराता है, उसे इस बात पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि भले ही कल अगर बारिश न हो तो उसके लिए केन्द्र पर निशाना साधे। मंत्री जोशी ने मजाक में कहा कि मोदी ने खुद उनके गंदे स्वभाव के कारण उन पर प्रतिबंध लगाया है।

एचडी कुमारस्वामी के हार्ट ऑपरेशन मामले में कांग्रेस द्वारा ओछी राजनीति करना ठीक नहीं है। कुमारस्वामी ही नहीं बल्कि अन्य सभी के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सहानुभूति रखनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेसियों को जवाब देते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक शिष्टाचार दिखाना चाहिए और तुच्छ हरकत नहीं करनी चाहिए। क्या चेन्नई जैसे अस्पताल में कोई फर्जी ऑपरेशन करवा सकता है? क्या उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि चिकित्सा विज्ञान इतना उन्नत है? आप वहां किस समय थे? मंत्री जोशी ने अपील की कि स्वास्थ्य के मामले में मानवता के बिना कार्य करना ठीक नहीं है।

# राज्यपाल मिश्र और मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान दिवस पर बधाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित तमाम नेताओं ने शनिवार को 'राजस्थान दिवस' के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। राज्यपाल मिश्र ने जनता से आह्वान किया कि वे राज्य के चहुंमुखी विकास का संकल्प लेते हुए इसे देश का अग्रणी राज्य बनाने में सहभागी बनें। राजस्थान का स्थापना दिवस 30 मार्च को मनाया जाता है।

राज्यपाल मिश्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। 'राजस्थान' नाम ही मन में गौरव की अनुभूति कराने वाला है। भक्ति और शक्ति का संगम यह वह प्रदेश है जहां के कण-कण में त्याग, तपस्या और बलिदान की गाथाएं समाहित हैं।

उन्होंने कहा, राजस्थान स्थापना दिवस मात्र एक दिवस नहीं है। यह दिवस सद्भाव की हमारी संस्कृति को सहेजने का है, संकल्पित होकर राजस्थान के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का है। राजस्थान दिवस पर प्रदेश के चहुंमुखी विकास का संकल्प लेते हुए इसे देश का अग्रणी राज्य बनाने में सभी जन सहभागी बनें।

मुख्यमंत्री शर्मा ने लोगों को बधाई देते हुए पोस्ट कर कहा, सोने री धरती अठै, चांदी रो असमान। रंग रंगीलो रस भरियो, ओ म्हारो राजस्थान। आप सगळा ने राजस्थान स्थापना दिवस री घणी-घणी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के अनुरूप प्रदेश की भाजपा सरकार 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के निर्माण के लिए प्रत्येक स्तर पर निरंतर क्रियाशील है।

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने पोस्ट में कहा, रंग, स्वाद, परम्पराओं, जैव व प्राकृतिक वैविध्य से सजी अनुपम अतुल्य वीरधरा राजस्थान के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई। यह गौरवशाली अवसर सशक्त राजस्थान निर्माण के संकल्प को और मजबूत करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने भी शनिवार को राजस्थान दिवस की राज्य के निवासियों को बधाई दी।

आग्रह



जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजू शर्मा ने शनिवार को जयपुर के जवाहर सर्किल में मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों से जनसंपर्क कर उनके विचार जानें एवं आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया।

## पाली में रुपयों को लेकर हुए झगड़े में पत्नी की हत्या कर दी

जयपुर। राजस्थान के पाली जिले में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और इसके बाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह बर गांव की है जब कैलाश सेन (50) ने घर की रसोई में अपनी पत्नी कृष्णा (45) पर चाकू से हमला किया।

पुलिस ने कहा, रुपयों के विवाद को लेकर दंपति में झगड़ा होता रहता था। हत्या के बाद सेन ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# राजस्थान की जनता को संदेश 'प्रेम से दीया जलाओ, भजन करो और देव तुल्य जनता का सम्मान करो'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर, । भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 100 दिनों की उपलब्धियों को गिनाया। सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि एक ओर गुलशन में बहार है तो दूसरी ओर भगदड़ मची है। प्रदेश की जनता भजनलाल सरकार के नेतृत्व से खुश है और सरकार का जनता के लिए संदेश है कि ''प्रेम से दीया जलाओ, भजन करो और देव तुल्य जनता का सम्मान करो'' ।

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में राजस्थान की भजनलाल सरकार ने एक के बाद एक जनहितैषी योजनाओं को लागू किया। महज 100 दिनों के कार्यकाल में राजस्थान के 25 जिलों के लिए जीवनदायनी कहलाने वाली योजना ईआरसीपी और यमुना जल का ऐतिहासिक समझौता किया। ईआरसीपी से जहां प्रदेश के 21 जिलों के लोगों की सिंचाई के साथ पेयजल समस्या का समाधान होगा, वहीं दूसरी ओर यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, नीमकाथाना, चूरू और झुंझुनूं जिलों की जनता को सिंचाई एवं पीने का पानी मिलेगा। यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 3 प्रदेशों की ट्रिपल इंजन सरकार के सहयोग से हो पाया है।

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में राजस्थान में 8400 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कार्य हुआ है, वहीं आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 5 लाख तक का बीमा कवर, देश के 55 करोड़ परिवारों को मिला है। इसके तहत राजस्थान के 1.1 करोड़ से अधिक लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। वहीं भजनलाल सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार कर दिया। इस योजना से राजस्थान के 81 लाख किसानों को लाभ पहुंचा। वहीं पीएम मुद्रा योजना के तहत राजस्थान में 1.9 करोड़ से अधिक के लोन स्वीकृत हुए जिसमें 63 फीसदी लाभार्थी महिलाएं है। प्रदेश के 50 लाख परिवारों को नल से जल योजना का लाभ



मिला, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत राजस्थान के 83 लाख से अधिक लोगों का नामांकन हुआ, पीएम जनधन योजना के तहत प्रदेश के 3.43 करोड़ लोगों का बैंक खाता खुला, पीएम जन औषधी केंद्रों की बात करें तो प्रदेश में 300 से अधिक जन औषधी केंद्र चल रहे है।

वहीं पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत राजस्थान में 79 मैट्रिक टन अनाज बांटा जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल के दौरान देशभर में 76 नए एयरपोर्ट बनाए गए हैं, इनमें से 3 एयरपोर्ट राजस्थान में बनाए जा रहे है। वहीं महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण वाला नारी शक्ति वंदन बिल पास करवाकर आधी आबादी को हक दिलाने का काम भी पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ है। हमारे देश के सैनिकों की दशकों से लंबित वन रैंक वन पेंशन योजना को पीएम मोदी ने लागू किया।

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि देश को सांस्कृतिक आजादी दिलाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। जन जन के आराध्य प्रभु श्री राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती दिलाने का काम किया है। भारत के सांस्कृतिक मूल्यों की पुनःप्रतिष्ठा पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में ही हो पाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने ना केवल देश में बल्कि वैश्विक पटल पर अनोखी छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के इस ऐतिहासिक कालखंड में भारत विश्व के 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर की अर्थ व्यवस्था पर पहुंच गया। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत की अर्थ व्यवस्था 5वें से तीसरे नंबर पर पहुंचेगी।

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस से 30 प्रतिशत क्रूड खरीदकर रिफाइनरी से शुद्ध कर यूरोप में एक्सपोर्ट करने का काम किया है। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और देश के भीतर ऊर्जा तंत्र मजबूत हो रहा है। यह भारत का स्वर्णिम काल है जिसमें आज भारत में सबसे बड़ा पुल चीनाब नदी पर बनाया गया है, तो भारत मंडपम सबसे बड़ा सम्मेलन केंद्र बन गया।

पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के ध्येय वाक्य पर काम कर रहे है। इसमें आदिवासी, अनुसूचित जाति-जनजाति के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए गए। इन सभी कार्यों के आधार पर हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएगी। वहीं देश में इस बार भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिलेगा भाजपा 370 सीटों से ज्यादा और एनडीए 400 पार सीटों पर कमल खिलाएगी।

आग्रह



बूंदी के केशवरायपाटन में शनिवार को ओम बिरला बलदेवपुरा, कोटड़ी, घाट का बाराना, झपायता, दहीखेड़ी, नौताड़ा, लक्ष्मीपुरा, रैबारपुरा क्षेत्र में जनसम्पर्क कर लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपना स्नेहाशीष प्रदान करने का आग्रह किया।

# कांग्रेस सरकार ने हिन्दुस्तान को पीछे धकेल दिया : डॉ शैलेन्द्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता डॉ शैलेंद्र सिंह ने कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप लगाते हुये कहा है कि कांग्रेस की सरकार, लूट की सरकार सिद्ध हुई है।

सिंह ने शनिवार को यहां भाजपा चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिन्दुस्तान को पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकार भी किया था कि एक रुपये में से 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर वंशवाद और तुष्टिकरण का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने देश के अन्नदाताओं का दर्द कभी नहीं समझा और आज हालत यह है कि कांग्रेस की ..गारंटी.. की ..वारंटी.. भी खत्म हो चुकी है।

उन्होंने कांग्रेस पर ..गांधी.. शब्द चुराने का आरोप लगाते हुये कहा कि वर्तमान में ..लौहपुरुष.. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांधी विचारों को सार्थक करते हुए गरीबों के मसीहा साबित हुए हैं। वे ..चार जातियों.. , गरीब-किसान-नारी-युवा जाति के लिये काम कर रहे हैं, इन सबका उत्थान उनके लिए सर्वोपरि है।

डॉ शैलेंद्र ने मोदी सरकार की आंकड़ों सहित 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का भी सिलसिलेवार जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी राज में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से निकालने का काम हुआ है।

## राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश से अधिकतम तापमान में गिरावट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते राजस्थान के कई हिस्सों में बीते चौबीस घंटे में हल्की बारिश दर्ज की गई और अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में राज्य के बीकानेर, कोटा और जयपुर संभाग में कहीं-कहीं बादलों की गरज के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक बारिश रायसिंहनगर गंगानगर में 16.2 मिलीमीटर दर्ज की गई।

मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार गंगानगर, हनुमानगढ़ व आसपास में कहीं-कहीं बादलों की गरज के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। शेष अधिकतर भागों में आगामी चार-पांच दिन मौसम मुख्यतः शुष्क बने रहने की संभावना है। वहीं एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 5-6 अप्रैल को राज्य के कुछ भागों में सक्रिय होने की संभावना है। अगले पांच दिन राज्य में लू चलने की संभावना नहीं है। साथ ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे (औसत के आसपास) रह सकता है।

संकल्प



बीकानेर में शनिवार को लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने मोहता भवन चुनाव कार्यालय पर अधिवक्ता बंधुओं के साथ आयोजित बैठक में सभी साथियों से भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लिया।




# 21 लोकसभा क्षेत्रों में होंगे लाभार्थी किसान कार्यकर्ता सम्मेलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में समपन्न हुई, जिसमें मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा प्रभारी, जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री, जिला मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित रहें। इस बैठक में मुख्य वक्ता मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवारी ने मोर्चा के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के तहत भाजपा किसान मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रियता के साथ अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में कार्य करना है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को देखते हुये मोर्चा के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों को केन्द्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं की हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसके लिए 05 अप्रैल तक 25 लोकसभा क्षेत्रों में लाभार्थी किसान कार्यकर्ता सम्मेलन एवं ग्राम व मण्डल स्तर पर बूथ सम्मेलन करने का निर्देश दिया।

मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. बलराम दून ने राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन के ओर से किसान मोर्चो द्वारा आयोजित किये जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। इसके लिए मोर्चो की ओर से नियुक्त लोकसभा प्रभारी व सम्बन्धित जिलों के जिलाध्यक्षों को कार्ययोजना बनाकर उसकी क्रियान्विती के लिए कहा।

मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय करवाते हुये उन्हें बधाई दी। साथ कहा कि भाजपा संगठन व मोर्चा के जिस भी व्यक्ति को दायित्व सौंपा जाता है उसे पूरी मेहनत व लगन से कार्य करने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अब हर पदाधिकारी को आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरी सिद्धत के साथ मतदाताओं के बीच में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत करवाना होगा। बैठक का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. बलराम दून ने किया एवं बैठक के अंत में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत ने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।


बैठक में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिरदीचंद चौधरी, सत्येन्द्र सिंह पथेना, दुर्गा हटवाल, राजेन्द्र सिंह रावत, संजय धाकड़, प्रदेश मंत्री चिराग चौधरी, रामनिवास मण्डा, प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र त्यागी, प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश ढ़ाका, सोशल मीडिया प्रभारी गुरजन्ट सिंह धालीवाल सहित अशोक पारीक, सूर्यप्रकाश शर्मा, डॉ. राजासाध वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना वाहन के हैं कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद व उनका परिवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। लोकसभा चुनाव में उदयपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा ने शनिवार को निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल के समक्ष अपने चार नामांकन पत्र पेश किए। उनके साथ केंद्रीय पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, खेरवाड़ा विधायक दयाराम परमार मौजूद रहे।

नामांकन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार ताराचंद मीणा के पूरे परिवार के पास कोई भी वाहन नहीं है। ना उनके पास, ना उनकी पत्नी ना उनके बेटे के पास कोई वाहन है। मीणा के पास 32 ग्राम सोने के जेवर हैं जिनकी कीमत 2,08,000 रुपए है जबकि पत्नी के पास 255 ग्राम सोने जेवर हैं जिनकी बाजार कीमत 16,57,500 रुपए है। मीणा परिवार के पास चांदी या अन्य किसी धातु का जेवर नहीं है। मीणा



पेंशनर हैं तो उनकी पत्नी की सावर अजमेर में बिसुन्दनी मिनरल्स नाम से फर्म में 25 प्रतिशत की भागीदारी 1 लाख 95 हजार रुपए की है। जहां तक संपत्ति की बात है, उनके परिवार की अधिकतर कृषि संपत्ति जोधपुर व मारवाड़ जंक्शन में है। मीणा को कृषि संपत्ति विरासत में मिली है जबकि पत्नी को विभिन्न संपत्ति स्वअर्जित है। मीणा की कृषि संपत्ति का बाजार मूल्य 88 हजार 500 रुपए है जबकि उनकी पत्नी की कृषि भूमि का बाजार मूल्य 1 करोड़ 53 लाख 25 हजार है। मीणा को 14 हजार 220 वर्गफीट जमीन विरासत में मिली है। पति और पत्नी के नाम जोधपुर की आशापुरा वेली में आवासीय मकान हैं। जिनमें से मीणा की संपत्ति का मूल्य 34 लाख है जबकि उनकी पत्नी की संपत्ति का मूल्य 2 करोड 95 लाख है। मीणा ने एलआईसी पर 4 लाख 12 हजार का कर्ज ले रखा है। कुल स्वअर्जित अस्तियों का मूल्य 27 लाख 50 हजार है जबकि पत्नी की स्वअर्जित अस्तियों का मूल्य 2 करोड़ 95 लाख है।

# प्रत्येक मतदाता करे मतदान, सभी मिलकर करें प्रयास : खटनावलिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चूरू। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर स्वीप गतिविधियों अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक, मेंहदी प्रतियोगिता व रंगोली के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान दिवस 19 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने कहा कि जिले की मतदाता सूची में पंजीकृत प्रत्येक मतदाता मतदान करे और लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाएं। इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। स्वयं आवश्यक रूप से मतदान करें तथा अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में विद्यार्थियों की भूमिका अहम है। मतदाता सूची में पंजीकृत महाविद्यालय के विद्यार्थी स्वयं मतदान करते हुए अपने अभिभावकों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक व मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर पूनम, सुष्मिता, प्रियंका, खुशी, मनीषा, मेघा, दक्षिता, माया व निकिता ने रंगोली के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। इसी के साथ कॉलेज की छात्रा तनिष्का, कामाक्षी लक्ष्मी, कंचन मोनू सहित अन्य के नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान में भागीदारी निभाने की अपील की। विद्याार्थियों ने सी-विजिल एप्प डाउनलोड किया। सीईओ खटनावालिया ने इस दौरान सभी को आवश्यक तौर पर मतदान करने की शपथ दिलाई।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मुंबई/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।

वह उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत बावनकुले की मौजूदगी में सत्तारूढ़ दल में शामिल हुईं। महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के लातूर के रहने वाले शिवराज पाटिल संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री थे, लेकिन 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले वह लोकसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

इस मौके पर फडणवीस ने कहा कि अर्चना पाटिल सामाजिक कार्यों से जुड़ी रही हैं और उनके भाजपा में शामिल होने से लातूर और मराठवाड़ा क्षेत्र में पार्टी को मदद मिलेगी। इस कदम को मराठवाड़ा क्षेत्र में अपनी संभावनाओं को मजबूत करने संबंधी भाजपा के प्रयासों के रूप में भी देखा जा रहा है। पिछले महीने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गए थे।

अर्चना पाटिल ने कहा कि वह पिछले दो दशकों से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने राजनीति के लिए भाजपा को चुनने का फैसला किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त कराया : ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जम्मू/भाषा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों, आतंकवाद और अलगाववाद के चंगुल से मुक्त कराया और यह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर ने यहां एक विशाल रोड शो के बाद जम्मू लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर ठाकुर भी मौजूद थे। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पिछले 10 वर्ष में जम्मू-कश्मीर को विकास के एक नए मार्ग पर ले गई है और साथ ही इस सरकार ने सीमा पार 'सर्जिकल स्ट्राइक' करके दिखाया कि वह पूर्ववर्ती सरकार की तरह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों पर चुप नहीं रह सकती।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने यहां रेजीडेंसी रोड पर रोड शो के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मेरे साथ यात्रा कर रहे किसी व्यक्ति ने पूछा कि मोदी के शासन में जम्मू-कश्मीर को क्या मिला? जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370, पथराव, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्ति मिली तथा केंद्र शासित प्रदेश में जमकर विकास हुआ। ठाकुर ने अपने संबोधन के बाद पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों में 75 प्रतिशत, नागरिकों की हत्या में 81 प्रतिशत और सुरक्षाकर्मियों के हताहत होने की संख्या में 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, यह सब तब संभव हो सका क्योंकि केंद्र में मजबूत सरकार थी। ठाकुर बाद में किशोर के साथ जम्मू लोकसभा सीट के निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में गए, जहां किशोर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

किशोर ने 2014 और 2019 के आम चुनाव में जम्मू लोकसभा सीट जीती थी। अगस्त 2019 में पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने और अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार संसदीय चुनाव हो रहे हैं।

# 'रोजगार क्रांति' लाएगी कांग्रेस : मल्लिकार्जुन खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम बनाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाकर 'रोजगार क्रांति' की शुरुआत करेगी। खरगे ने कहा कि कांग्रेस गारंटी देती है कि युवाओं का भविष्य अंधकारमय से उज्ज्वल हो जाएगा। उन्होंने 'युवा न्याय' की गारंटी दोहरायी, जिसे पार्टी ने सत्ता में आने पर लागू करने का वादा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस पार्टी युवा न्याय गारंटी के माध्यम से 'रोजगार क्रांति' लाएगी। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम करने और हमारे युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

खरगे ने अपनी पार्टी द्वारा 'युवा न्याय' के तहत दी गई गारंटी को सूचीबद्ध किया।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि 'भारती भरोसा' गारंटी के तहत, उनकी पार्टी एक रोजगार कैलेंडर के अनुसार, केंद्र सरकार की 30 लाख नई नौकरियां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि 'पहली नौकरी पक्की' के तहत पार्टी सभी शिक्षित युवाओं को प्रति वर्ष 1 लाख रुपए पर एक वर्ष की प्रशिक्षुता का अधिकार (राइट टू एप्रेंटिसशिप) प्रदान करेगी।

## पलामू में 10 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर/भाषा।** झारखंड के पलामू जिले में कम से कम 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से विभिन्न 'इलेक्ट्रॉनिक' उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार की रात चियांकी इलाके में छापेमारी कर किराए के एक मकान से साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। मेदिनीनगर (ग्रामीण) थाना के प्रभारी उत्तम कुमार ने कहा, किराए के मकान में रहकर अलग-अलग जगहों के अपराधी 'ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लिकेशन' के जरिए अपने शिकार को फंसाकर साइबर धोखाधड़ी करते थे। उन्होंने बताया कि उनके पास से 23 मोबाइल फोन, आठ कंप्यूटर और अन्य 'इलेक्ट्रॉनिक' उपकरण जब्त किए गए हैं।

# नगा परंपरा, संस्कृति की रक्षा करेगी कांग्रेस : जमीर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोहिमा/भाषा। नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार एस सुपोंगमेरेन जमीर ने कहा कि पार्टी राज्य की परंपरा, संस्कृति की रक्षा करने और नगा राजनीतिक मुद्दे और ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) की अलग राज्य की मांग का समाधान खोजने के लिए काम करेगी।

जमीर ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, राज्य की वर्तमान पीपुल्स डेमोक्रेटिक अलायंस (पीडीए) सरकार केंद्र की आरएसएस-भाजपा सरकार द्वारा नियंत्रित है और किसी भी क्षेत्र में लोगों को कुछ भी देने में विफल रही है, चाहे वह नगा राजनीतिक समाधान हो, पूर्वी नगालैंड के लोगों द्वारा अलग राज्य की मांग हो या नगा परंपरा और संस्कृति और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा हो।



उन्होंने कहा, पार्टी (कांग्रेस) का दृढ़ विश्वास है कि हमें राज्य के लोगों के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राज्य में पीडीए सरकार केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का गठबंधन है और दोनों सीधे तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा नियंत्रित हैं, जिसके कारण राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और विकास की कमी है। उन्होंने कहा, जमीनी स्तर के लोगों को उनकी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं... सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लाती है लेकिन यह कभी भी यहां के जमीनी स्तर के लोगों तक नहीं पहुंचतीं। उन्होंने कहा, आज के युवाओं और महिलाओं के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है।

जमीर ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर राहुल गांधी ने न केवल शिक्षित और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बल्कि पेंशनभोगियों के लिए और छोटे क्षेत्र के श्रमिकों, उद्यमियों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए भी योजनाएं लाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का दुखद हिस्सा यह है कि सभी 60 विधायक विपक्ष-विहीन हो गए हैं और अब उन्हें केंद्र में आरएसएस-भाजपा द्वारा व्यवस्थित रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। हम राज्य सरकार से किसी सकारात्मक राहत की उम्मीद नहीं कर सकते।

नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। नगालैंड लोकसभा क्षेत्र के लिए अन्य दो उम्मीदवार सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के नेतृत्व वाले पीपुल्स डेमोक्रेटिक अलायंस उम्मीदवार चुम्बेन मरी और निर्दलीय उम्मीदवार हुइथुंग तुंगो लोथा हैं।

# कड़ी सुरक्षा में अंसारी का शव यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



गाजीपुर/लखनऊ/भाषा। माफिया से नेता बने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को गाजीपुर जिले में उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि इससे पहले मुख्तार के पैतृक आवास से सुबह के समय जनाजा निकाला गया जिसमें उनके सांसद भाई अफजाल अंसारी, पुत्र उमर अंसारी और भतीजे विधायक सुहेब अंसारी समेत परिवार के सदस्य तथा समर्थक शामिल रहे। उनके बड़े भाई एवं पूर्व विधायक सिगबतुल्लाह अंसारी समेत परिवार और रिश्तेदार भी जनाजे में शामिल हुए। इस दौरान भीड़ ने नारे भी लगाए। अफजाल अंसारी ने कब्रिस्तान पहुंचने के बाद लोगों को समझाते हुए भीड़ एकत्र न करने और शांति बनाए रखने की अपील की। बाद में सिगबतुल्लाह भी वहां पहुंचे। इस बीच, अंसारी का शव दफनाने के पहले सांसद अफजाल अंसारी और जिलाधिकारी के बीच नोकझोंक हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार सुबह कालीबाग के कब्रिस्तान में अंसारी के शव को ले जाने से पहले जब वहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होने लगे तो जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू होने का हवाला देते हुए कहा कि सिर्फ परिवार के लोग ही जाकर मिट्टी दें। इस पर अफजाल अंसारी ने प्रतिवाद करते हुए कहा कि मिट्टी देने जैसा धार्मिक प्रयोजन पर कोई कानून नहीं लागू होता। सभी को मिट्टी देने का अधिकार है। इस कार्य के लिए अनुमति की जरूरत नहीं होती। जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 144 लगी है। अधिक लोगों की अनुमति भी नहीं ली गई है।

जनाजे की नमाजों के बाद कालीबाग कब्रिस्तान में अंसारी का शव दफनाया गया। मुख्तार के पैतृक आवास के निकट मैदान में और इसके बाद प्रिंस मैदान में जनाजे की नमाज पढ़ी गई। अंसारी के पैतृक आवास से कब्रिस्तान की दूरी आधा किलोमीटर से भी कम है। हालांकि जनाजे को यहां तक लाने में काफी समय लगा।

वाराणसी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पीयूष मोर्डिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मैं यहां मोहम्मदाबाद में मौजूद हूं और पुलिस उप महानिरीक्षक यहां पर्यवेक्षण कर रहे हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. ओ.पी. सिंह ने बताया, मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने से पहले उनके आवास से जनाजा उठा और शुरुआत में घर के पास में नमाज-ए-जनाजा अदा की गई। इसके बाद प्रिंस मैदान में भी नमाज पढ़ी गई।

भीड़ द्वारा नारेबाजी और कब्रिस्तान में लोगों को जाने से रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों ने 40-50 लोगों की सूची दी थी, जिन्हें कालीबाग कब्रिस्तान में दफनाए जाने के समय रहने दिया गया।


## एक मौजूदा सांसद, दो पूर्व विधायकों ने बीजद से इस्तीफा दिया

**भुवनेश्वर/भाषा।** सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को झटका देते हुए, एक मौजूदा सांसद और दो पूर्व विधायकों ने शनिवार को आगामी लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अभिनेता एवं केंद्रपाड़ा से मौजूदा सांसद अनुभव मोहंती ने बीजद से इस्तीफा दे दिया। मोहंती ने कहा कि वह चार साल से अधिक समय से पार्टी में घुटन महसूस कर रहे थे। वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले क्षेत्रीय पार्टी छोड़ने वाले भर्तृहरि महताब के बाद मोहंती बीजद के दूसरे मौजूदा सांसद हैं। केंद्रपाड़ा से सांसद को कटक में महताब के साथ होली मनाते देखा गया। अभिनेता से नेता बने एवं पूर्व विधायक आकाश दास नायक ने भी बीजद से इस्तीफा दे दिया। एक वीडियो बयान में कोरेई सीट से विधायक ने बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने कहा, अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने के बाद, आत्मसम्मान और कोरेई के निवासियों के सम्मान के लिए, मैंने बीजद छोड़ने का फैसला किया है। दास नायक ने कहा कि वह कोरेई के लोगों और अपने समर्थकों से बातचीत के बाद अगला कदम उठाएंगे।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने घोषणा पत्र समिति बनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस समिति का अध्यक्ष, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है।



भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस समिति के गठन को मंजूरी दी है।

समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे के नाम हैं।

समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओ पी धनखड़, अनिल एंटनी शामिल हैं।

भाजपा ने पिछले माह ही लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में 'रथ' भी रवाना किए थे।

भाजपा अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की 'योजना' पर भी आधारित होगा।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




अहमदाबाद/भाषा। गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरुआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्याएं खड़ी कर सकता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है जो अपनी हरफनमौला काबिलियत से संतुलन बनाए रखते थे। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स विजेता और उप विजेता रही थी। लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में टीम को भारतीय आल राउंडर पंड्या की कमी खल रही है।

चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा दिए गए 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साई सुदर्शन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच सका। सुदर्शन और विजय शंकर धीमी बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि गिल की टी20 बल्लेबाजी की फिर से आलोचना हो रही है जिन्होंने 31 और आठ रन की पारियां खेली हैं।

वहीं उनके फिनिशर डेविड मिलर (12 और 21 रन) भी जूझ रहे हैं और मध्य ओवरों में उनकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही।

अब टीम उम्मीद करेगी कि मिलर अपनी फॉर्म में वापसी करें क्योंकि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी की बराबरी करने के लिए बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट की छुपी रूस्तम सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु द्वारा बनाए गए आईपीएल के पांच विकेट पर 263 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता ट्रेविस हेड (62 रन, 24 गेंद) ने शानदार पदार्पण किया और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर विस्फोटक शुरुआत करायी। लेकिन फिर 'अनकैप्ड' भारतीय अभिषेक शर्मा ने इस रिकॉर्ड को बेहतर करके महज 16 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया।

दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम और हेनरिच क्लासेन निचले क्रम में शानदार फॉर्म में हैं।

मैच दोपहर को होगा तो सूखी पिच स्पिनरों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है जिसमें राशिद और साई किशोर दोनों टीमों के लिए अहम रहेंगे।

## प्रशंसकों की जंग तहजीब के दायरे में होनी चाहिए, अश्विन ने किया हार्दिक पंड्या का समर्थन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




नई दिल्ली/भाषा। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने खराब दौर से जुझ रहे हार्दिक पंड्या का बचाव किया जिन्हें अहमदाबाद और हैदराबाद में दर्शकों का कोपभाजन बनना पड़ा है।

अश्विन ने सोशल मीडिया पर और मैदान में दर्शकों के पंड्या को लेकर शत्रुतापूर्ण बर्ताव के लिए प्रशंसकों की जंग और सिनेमाई संस्कृति के माहौल को दोषी ठहराया। पंड्या इस सत्र में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हैं।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक सवाल के जवाब में कहा, 'प्रशंसकों की जंग तहजीब के दायरे में होनी चाहिए।लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि ये खिलाड़ी किस देश के लिए खेलते हैं, हमारे देश के लिए। फिर क्रिकेटर के साथ खराब बर्ताव करने की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा, मेरी समझ से परे है। अगर आपको कोई खिलाड़ी पसंद नहीं है और उसकी आलोचना कर रहे हैं तो टीम को स्पष्टीकरण देने की क्या जरूरत है।

पंड्या को गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले मैच में दर्शकों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी क्योंकि वह गुजरात टीम छोड़कर मुंबई टीम के कप्तान बन गए थे। इसी तरह हैदराबाद जैसे तटस्थ स्थान पर भी उन्हें इसी बर्ताव का सामना करना पड़ा था।

अश्विन ने कहा, यह क्रिकेट है और सिनेमाई संस्कृति भी है। मुझे पता है कि मार्केटिंग, पोजिशनिंग और ब्रांडिंग जैसी चीजे हैं। मैं उन सबसे सहमत हूं। लेकिन मैं इसमें भरोसा नहीं रखता लेकिन इसमें पड़ने में बुराई भी नहीं है। उन्होंने कहा कि पंड्या या मुंबई इंडियंस को इस पर सफाई देने की जरूरत नहीं है लेकिन प्रशंसकों से अपने बर्ताव को लेकर तार्किक रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, किसी और देश में ऐसा होता है। क्या आपने जो रूट और जाक क्रॉली को लड़ते देखा है। क्या आपने जो रूट या जोस बटलर के प्रशंसकों को लड़ते देखा है।

## सुविचार

**हम बुरे नहीं थे मगर तुमने बुरा कर दिया, पर अब हम बुरे बन गए हैं, ताकि तुम्हें कोई झूठा ना कह दे।**

## ट्वीट

सांस्कृतिक विरासत और गौरव गाथाओं से समृद्ध वीरभूमि राजस्थान के बहनों-भाइयों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएँ। राजस्थान संस्कृति, सत्कार और शौर्य की धरती है। महाराणा प्रताप, राव जोधा, रानी पद्मिनी, हाड़ी रानी जैसे वीर-वीरांगनाओं की गौरव गाथाओं से शोभित इस भूमि के निवासियों ने राष्ट्र के प्रति निष्ठा व त्याग के कई कीर्तिमान बनाये हैं।
-अमित शाह



अपने गौरवमयी इतिहास, प्राचीन लोक परंपराओं, समृद्ध स्थापत्य कला से दुनियाभर में राजस्थान के स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यहां की शौर्य व बलिदान की गाथाएं विश्व पटल पर अद्भुत पहचान रखती हैं। मैं प्रदेश के निरंतर विकास एवं उन्नति की कामना करता हूं।
-गोविंद सिंह डोटासरा



## कहानी

# घी के दीये

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'
मोबाइल : 7379100261



मैं गुरू बाबा के आश्रम की तरफ साइकिल घसीटता बढ़ तो रहा था, किन्तु अनमना सा! मन में अजीब-सी हिचक और उहापोह थी। दो-तीन सौ मीटर चकरोड, फिर चार किलोमीटर चिकनी समतल सड़क...आगे दो किलोमीटर ऊबड़-खाबड़ खड़ंजा...यह दूरी मैंने गहरे मानसिक संताप के बीच तय किया। अब मैं धूल भरी पगडंडी पर चल रहा था...।

आगे चढ़ाई शुरू हो गई तो मैं साइकिल से उतर गया। सिर उठाकर आसमान की तरफ देखा, अक्टूबर की दोपहर ढल रही थी। रेतीली राह पर साइकिल धकेलता मैं नदी के टीले पर चढ़ आया। यहाँ नदी के उस पार गुरू बाबा के आश्रम के मन्दिर के हवन कुंड से उठती मिठास भरी सोंधी गमक छिटकी थी। मैंने ऊंचाई पर खड़े-खड़े पीछे छूटी पगडंडी पर निगाह डाली। झाड़-झंखाड़ के बीच से दो-तीन लोग आते दिखे। दीनू अभी काफी पीछे होगा। उसकी साइकिल के कैरियर और फ्रेम के बीच चढ़ावा के समान की बोरियाँ हैं, लिहाजा साइकिल लिये पैदल आ रहा है।

दादी ने जैसा बताया था, 'टीले पर पचास कदम आगे खूब बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा था। मैं आम के एक पेड़ से साइकिल टिकाकर बरगद की तरफ बढ़ने लगा, तभी किनारे से आवाज आई- 'ए बाबू...!'

मैंने देखा, सावरियों से भरी नाव खुलने वाली थी। घटवार मुझे भी इसी खेवा में पार होने के लिए बुला रहा था। मैंने हाथ के इशारे से उसको मना किया और बरगद के पास आ गया। वहाँ से भव्य मन्दिर का लंबा-चौड़ा परिसर और उधर की गहमा-गहमी दिखने लगी...परिसर से लगी बाग, कोठारी महाराज की गद्दी और और गोदाम निगाह के सामने आ गया...। बाग में चार-पाँच लग्जरी कारें खड़ी थीं। इसी समय एक मार्शल मन्दिर के सामने रुकी। आगे से दो भारी-भरकम व्यक्ति उतर कर मन्दिर परिसर में चले गए। करीब पाँच मिनट बाद उनमें से एक, दो सेवादारों के साथ लौटा और गाड़ी के पिछले और बीच के हिस्से से समान निकलवा कर कोठारी की गद्दी के सामने रखवाने लगा। तीन बड़े पीपे घी और तेल के रहे होंगे। बाकी ठसाठस भारी बोरियाँ... निश्चय ही इसमें मैदा, चावल, दाल, शकर वगैरह होगा। मेरे मन में आया, यह गुरू बाबा को दक्षिणा भी ग्यारह हजार से कम क्या देंगे ? इसके साथ ही मेरी जेब में दादी के दिए दक्षिणा के दो सौ इक्यावन रुपये चुभन सी पैदा करने लगे।

इस बीच दो बोलेरो और एक सफारी भी मन्दिर के सामने आ लगी थीं। इन गाड़ियों से भी समान उतारने का सिलसिला शुरू हुआ। मेरा मन बैठने लगा। अभी दादी होतीं तो मैं कहता-दादी देखो, आज का समय इस हैसियत से कहीं जाने का है...।

'गोमती मैया की जय...'-जयकारा के समवेत स्वर से मेरी विचार श्रृंखला भंग हो गई। मैंने देखा, नाव बीच धारा में पहुँच गई थी और रिवाज के अनुसार घटवार के साथ लोग जैकारा लगाए थे।

मैं बरगद की ऊपर उभरी जड़ पर बैठ गया और मन्दिर की तरफ देखता रहा। थोड़ी देर में नाव अगले घाट पर लग गई। सवारियाँ आगे बढ़ गईं और घटवार नाव बांधकर मन्दिर के पीछे बस्ती की तरफ निकल गया। कुछ समय बीता होगा, मजदूर जैसे तीन लोग मेरे पास आ रुके। एक ने चेहरे पर लाल अँगौछा फेरते हुए पूछा-कितना समय हुआ खेवा लगे ?

'यही कोई दस मिनट हुआ होगा।'

हूँ...।-हुंकारा के साथ दूसरे ने कहना शुरू किया-अब वह घंटा भर घर के काम निपटाएगा। घाट पर जब बारह-पन्द्रह लोगों को देखेगा, तब नाव खोलने आएगा।

तीनों आराम से बैठकर बातों में व्यस्त हो गए। मेरा ध्यान मन्दिर परिसर में ही

टिका था। अभी-अभी एक आयशर ट्रक आया था और उस पर से उतर कर सात-आठ लोग कोठारी महाराज की गद्दी के सामने जमा थे। मुझे लगा, यह किसी खूब आबाद गाँव का सामूहिक चढ़ावा होगा, दो रोज बाद मेरे यहाँ से भी दो ट्रैक्टर आने हैं। हफ्ते भर पहले दीपनारायण सिंह चार-पाँच लोगों के बीच कह रहे थे-आप सब गाँव में खबर फैला दें, मेरा और राजशेखर का ट्रैक्टर आश्रम का चढ़ावा लेकर जाएगा। जो गद्दी तक मत्था टेकने जाना चाहते हैं, वो भी चलें। बाकी सबके समान की लिस्ट होगी। सब दिल खोलकर चढ़ावा निकालें, गाँव का झण्डा ऊंचा रखना है...।

मैं सीधे घर आ गया था। इन दिनों दादी चढ़ावा को लेकर परेशान थीं। दो रोज पहले कह रही थीं-इस बार तुम दीनू को लेकर आसरम चले जाओ। पिछली बार तुम्हारे बाबू के न रहने की से कुछ नहीं जा पाया था...'

मैं दादी को खोजता, पिछवाड़े हाता में में आया। यहाँ वह तुलसी चौरा लीप रही थीं। सारी बात बताकर मैंने कहा-दादी, क्या जरूरत है हमारे जाने की ? हमारा चढ़ावा और दक्षिणा वैसे ही पहुँच जाएगा...'

'नहीं...!'-उन्होंने मेरे उत्साह पर पानी फेर दिया-'किसी का पिछलग्गू होना ठीक नहीं। भीड़ में अगुआ की पहचान बनती है, और किसी की नहीं। भले ही तुम्हारी उमर कम है, लेकिन मर्द हो, तुम्हें सब कहीं जाना चाहिए। लोग जानेंगे कि तुम इस गाँव के फलाने सिंह के नाती हो, तो ऐसा नहीं कि के लाले पड़ेंगे...'

दादी को मैं कैसे समझता की फलाने यानी कर्मराज सिंह की कभी तूती बोलती रही होगी, मगर अब...खासकर बाबूजी की मृत्यु के बाद हम किस खेत की मूली रह गए हैं ? अभी डेढ़ साल गुजारा होगा, बाबाजी हमारे यहाँ आए थे। मुझे नहीं लगता कि उनकी बड़ी-बड़ी चमकती आँखों से हमारी फटेहाली छिप पायी होगी...विजली का खराब कनेक्शन सिर्फ सौ रुपये लाइनमैन को न दे पाने की वजह से नहीं जुड़ पाया था। बैठके में बाबाजी का आसन लगा था। मुलाकाती आ रहे थे। उजाला के लिए एक इमरजेंसी लैम्प का भी ठिकाना नहीं था। पड़ोसी से मांगने पर भी नहीं मिल पाया था। अजीब शर्मनाक स्थिति थी।

यहाँ दादी की अक्ल की दाद देनी पड़ेगी। शाम होते ही उन्होंने घी के कई दीये बनाए और बैठक के हरेक ताखे पर रखवा दिया। मुझे हिदायत थी कि जैसे ही कोई दीया धीमा पड़ने लगे, उसकी रुई की बत्ती आगे कर दूँ। मैंने इसका बराबर ध्यान रखा। बाबाजी स्वपाकी हैं, बैठक में ही चौक लगाकर उन्होंने भोग तैयार कर लिया था। दस बजे के बाद वह सोने के लिए तख्त पर लेटे, इसबीच दीपक नहीं बुझने पाए थे। मगर एक आशंका भारी धुकधुकी बराबर लगी रही-अगर कहीं हवा का तेज झोंक आ गया तो...? राम-राम करते इज्जत बच गई थी...।

अब आज...दादी में गजब की उमंग थी। उन्होंने तीस किलो मैदा, पाँच किलो घी, दस-दस किलो आलू और महीन चावल, सात किलो शकर वगैरह के साथ पता नहीं कैसे दक्षिणा के पैसे का जुगाड़ बना लिया था। दीनू को सारा समान बँधवाकर उन्होंने मुझे चेताया था-यह सब कोठारी महाराज की गद्दी पर जमा करना, वह रुक्का देंगे। तू उसी रुक्का के साथ दक्षिणा रखकर गुरु बाबा के चरण छू लेना।

मैंने अनमने भाव से हामी भर ली। कोई और रास्ता भी नहीं था। कल ही मैंने माँ को समझाने का प्रयास किया था-अम्मा, आज के चमक-दमक वाले माहौल में साइकिल पर गठरी लेकर जाना बेइज्जती का मामला है...।

माँ ने मेरी बात बीच में ही काट दिया था-बेटा, दादी के मन की मौज है, वे किसी की नहीं सुनेंगी। तुम्हारी बात गलत नहीं है, लेकिन वह पका आम हुई बैठी हैं। कब टपक पड़ें, कोई ठिकाना नहीं ! जैसा कहती हैं कर डालो, नहीं तो बाद में सोचन को हो जाएगा...।

सोच-विचार से बाहर निकलकर मैंने नदी की तरफ देखा...उधर वाले घाट पर काफी सवारियाँ आ गई थीं। इस ओर भी दस-बारह लोग एकत्र हो गए थे। यहाँ एक रंगबाज के पास मोबाइल था। वह साथियों को मोबाइल बजाकर फूहड़ किस्म के गाने सुना रहा था। ज्यादातर लोगों का ध्यान उधर ही था। मैं दीनू की खोज-खबर लेने रास्ते के सामने वाले टीले पर आ गया। वह साइकिल घसीटता हुआ दिखाई पड़ा। मैं नीचे चला गया और साइकिल ठेलवाकर टीले पर चढ़वाया, फिर हम नदी के किनारे आ गए।

बीस-पच्चीस मिनट बाद नाव किनारे आ लगी। आने वाली सवारियाँ अपनी राह चली गईं। हम नाव पर चढ़ गए। अपनी साइकिल मैंने घटवार की इधर वाली मड़ई में ताला मार के छोड़ दिया था। घटवार ने नाव खेते हुए दीनू की साइकिल की गठरियों पर निगाह जमाकर पूछा-बाबू ई आसरम का चढ़ावा है क्या ?'

'और नहीं तो का !'-दीनू ने जवाब दिया।

बूंद-बूंद से सागर भरता है। बाकी गुरु महाराज का ऐसा परताप है कि जजमान गाड़ी-मोटर में लाद के चढ़ावा ला रहे हैं...।-घटवार क्या-क्या कहता गया, मुझे नहीं पता। हाँ, यह बात मुझे बड़ी शिद्दत सेसे कचोटने लगी थी कि हम एक बड़ी जगह जा रहे हैं अपने छोटेपन के साथ ! जब चढ़ावा घटवार की निगाह में हल्का है तो कोठार क्या सोचेगा...?

नाव धीमी गति से आगे बढ़ रही थी। मेरे मन में ऊहापोह मची थी। जबकि सवारियों के बीच बाबाजी के यशगान की होड़ लगी थी। दीनू भी इसमें शामिल हो गया था। उसने बीड़ी सुलगा लिया था और एक टान लगा के तुक्का जड़ा-अब भइया इन्हीं महापुरुषों का पुन्न-परताप है, जो इस घनघोर कलजुग में धरती माता टिकी हैं, नहीं तो कब की गद्य से रसातल में समा गई होतीं...'

नाव के ज्यादातर लोग उससे सहमत थे। मगर किनारे की तरफ मोबाइल वाला और उसके साथी खिल्ली उड़ाने के अंदाज में एक-दूसरे को देखकर मुस्कराए थे। मुझे लगा यह ऐसे शख्स हैं, जो गुरुओं-बाबाओं और आश्रमों के क्रिया-कलापों को कमाई का धंधा और लोगों के बीच अपने पाखंड का दबदबा बनाए रखने के हथकंडे के रूप में देखते देखते हैं। मेरे ही गाँव में ऐसे कई लोग होंगे।

नाव मझधार में पहुंची तो घटवार के साथ सबने 'गोमती मैया' का जैकारा लगाया। इसके साथ ही मैं इस आकलन में व्यस्त हो गया कि आखिर हर तीसरे साल कितना चढ़ावा आ जाता होगा, जिससे गुरू बाबा आगे दो साल तक रामलीला, दुर्गापूजा, प्रवचन और चालीस विद्यार्थियों वाले निःशुल्क संस्कृत पाठशाला का संचालन करते हैं ? इस पूरे गुणा-भाग के बीच मुझे नहीं लग रहा था कि इसमें लूटने-खाने जैसी कोई बात है...तभी नाव एक धक्के के साथ घाट पर लग गई थी।

मैं साइकिल को ठेलवाता हुआ कोठारी महाराज की चौकी के सामने आ खड़ा हुआ। पीले चेहरे वाला चन्दनधारी कोठारी मोबाइल पर किसी से वार्ता में मशगूल था। करीब पाँच मिनट बाद बात समाप्त हुई तो उसने एक सरसरी निगाह साइकिल पर लड़ी बोरियों पर डाली, फिर सामने से गुजरते एक सेवादार को आवाज दिया-ये बाबू, यह चढ़ावा गोदाम में रखवा दो।

दीनू सेवादार के साथ चला गया। कोठारी ने यंत्रवत मेरा नाम, पिता और बाबाजी का नाम, गाँव, जिंस की मात्रा वगैरह लिखकर रुक्का बनाया और मुझे पकड़ा दिया। कोठारी के सपाट व्यवहार से मेरा हौसला बढ़ गया। मैंने रुक्के के साथ दक्षिणा के पैसे लपेट लिये और पूछते हुए मन्दिर के बगल वाले हाल आया। यहाँ दायें-बायें पच्चीस-तीस लोग बैठे थे। इनका लिबास, चेन, अंगूठियाँ, बड़े मोबाइल, चेहरे का आभिजात्य भरा दर्प- सब कुछ इनके विशिष्ट होने की गवाही दे रहा था।

हाल के बीच से बाबाजी की गद्दी तक एक हरी पट्टी बिछी थी। मैं सहजता से चलता बाबाजी के आसन के पास पहुंचा, प्रणाम की मुद्रा में हाथ उठाया और उनके पैरों के पास रुक्का रखकर तख्त के सामने मत्था टेक दिया...जब उठा तो हाथ में रुक्के का कागज लिए गुरुजी को अपनी तरफ देखते पाया...पहले जो सोच था, उसके हिसाब से अब मुझे पुनः प्रणाम करके बाहर हो लेना था। किन्तु अप्रत्याशित रूप से उन्होंने मेरा पकड़ कर वहीं आसन के पास बैठा लिया और घर-परिवार की हाल-खबर लेने लगे...।

संभवतः इससे हाल में बैठे यजमानों की आखों में जिज्ञासा का भाव पैदा हुआ होगा, जिसे भाँपकर बाबाजी मेरे सिर पर हाथ फेरते हुए मेरा परिचय देने लगे। मेरे गाँव, बाबूजी और दादाजी के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा-यह लड़का मेरे उस यजमान परिवार से आया है, जहां मेरे पहुँचने पर आज भी घी के दीये जलाए जाते हैं।

...और इसके साथ ही जो एक झिझक और हीनताबोध का अंधेरा मेरे अन्दर समाया था, एकदम झकाझक उजाले में बदल गया।

**'गोमती मैया की जय...'-जयकारा के समवेत स्वर से मेरी विचार श्रृंखला भंग हो गई। मैंने देखा, नाव बीच धारा में पहुँच गई थी और रिवाज के अनुसार घटवार के साथ लोग जैकारा लगाए थे।**

## संजय उवाच



■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# ताकि सनद रहे

अक्टूबर 2023 की बात है। झारखंड के देवघर में स्थित ज्योतिर्लिंग के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। देवघर ऐसा तीर्थस्थान है जहाँ ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ साथ-साथ हैं। देवघर से राँची की ओर लौटते समय परिजनों के साथ डुमरी में चाय पीने के लिए रुके। सड़क के दूसरी ओर कुछ छोटी-छोटी दुकानें थीं। सड़क पार कर मैं चाय की दुकान पर पहुँचा। बिस्किट, खाने-पीने का कुछ सामान, वेफर्स आदि दुकान में बिक्री के लिए थे। दुकान के सामने ही बड़ी-सी तंदूरनुमा अंगीठी थी, जिस पर दुकान का मालिक चाय बना रहा था। कुल मिलाकर 'टू इन वन' व्यवस्था थी। कुछ ग्राहक चाय तैयार होने की प्रतीक्षा में खड़े थे। कम चीनी की चाय का आर्डर देकर मैं भी प्रतीक्षासूची में सम्मिलित हो गया। तभी दुकान से सामान खरीदने के लिए एक ग्राहक आ गया। दुकानदार चाय छोड़कर दुकान में घुसा और ग्राहक को सामान देने लगा। इधर चाय उफनने पर आ गई। प्रतीक्षारत एक ग्राहक ने तपाक से चाय अंगीठी से उतार कर दूसरी ओर रख दी। दुकानदार आया और फिर चाय उबालने लगा।

बहुत सामान्य घटना थी किंतु यदि बड़े शहरों के परिप्रेक्ष्य में देखें, जहाँ होटल के दरवाज़े भी दरबान खोलते हों, वहाँ ग्राहक द्वारा उफनती चाय को चूल्हे से उतार कर रख देना, असामान्य ही कहा जाएगा।

स्मरण आता है कि प्रसिद्ध साहित्यकार गोविंद मिश्र जी ने किसी कार्यक्रम में एक क़िस्सा सुनाया था। वे एक बार सब्ज़ी खरीदने गए थे। खरीदारी के बाद संभवत: सौ का नोट सब्ज़ीवाले को दिया। इधर सब्ज़ीवाला सौ के नोट का छुट्टा लेने दूसरे सब्ज़ीवाले के पास गया, उधर एक ग्राहक ने आकर सब्ज़ी के दाम मिश्र जी से पूछे। मिश्र जी ने वही सब्ज़ी खरीदी थी। सो दाम बताए और ग्राहक ने जितनी सब्ज़ी मांगी, तराज़ू उठाकर तौल दी। मिश्र जी को जानने वाले कुछ लोगों ने इस घटना को देखा और उनकी यह सहजता चर्चा का विषय भी बनी।

वस्तुत: सहजता हमारा मूलभूत है। विसंगति यह कि अब सहजता को कृत्रिमता में बदलने की होड़ है। कहा जाता है कि आभिजात्य तो तुरंत आ जाता है पर गरिमा आने में समय लगता है। मनुष्य की गरिमा, मनुष्यता में है। आभिजात्य कितना ही सर चढ़कर बोले, स्मरण रखना कि मूलभूत में परिवर्तन नहीं होता, 'बेसिक्स नेवर चेंज।'

सारा जीवन एयर कंडीशन में गुज़ारनेवाले का अंतिम संस्कार 'एयरकंडीशंड' नहीं हो सकता। दाह तो अग्नि में ही होगा। अग्नि मूलभूत है। छोटी से छोटी दूरी फ्लाइट से तय कर लो पर पैदल चलना सदा 'बेसिक' रहेगा। चेक-इन करते समय या हवाई अड्डे से बाहर आते हुए पदयात्रा तो करनी ही पड़ेगी।

सहजता अंतर्निहित है। अंतर्निहित को बदलने का प्रयास करोगे तो मनुष्य कैसे रह पाओगे? यह जो अहंकार ओढ़ते हो; पद-प्रतिष्ठा, कथित नाम का, सब का सब धरा रह जाता है। मृत्यु सब लील जाती है। अपनी लघुत्तम कथा 'नो एडमिशन' याद हो आई है। कथा कुछ इस प्रकार है-

....'नो एडमिशन विदाउट परमिशन', अनुमति के बिना प्रवेश मना है, उसके केबिन के आगे बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था। निरक्षर है या धृष्ट, यह तो जाँच का विषय है पर पता नहीं मौत ने कैसे भीतर प्रवेश पा लिया। अपने केबिन में कुर्सी पर मृत पाया गया वह....।

प्रकृति की दृष्टि में राजा या रंक किसी का अवशेष, विशेष नहीं होता। अपनी कविता 'माप' साझा करता हूँ-

काया का खेल सिमट गया है
अब होकर राख मुट्ठी भर..,
यह वही आदमी है,
जो खुद को माप की परिधि से
बड़ा समझना रहा जीवन भर ...!

इसलिए कहता हूँ कि अभिजात्य से मुक्ति पाओ, अहंकार से मुक्ति पाओ। काया के साथ राख का समीकरण जीवन रहते समझ जाओ।

इस राख को याद रखोगे तो परिधि में रहना भी आ जाएगा। आगे चलकर यह राख भी नदी के पानी में समाकर विलुप्त हो जाती है। सनद रहे कि शाश्वत सत्य का स्मरण, मनुष्यता और मनुष्य की सहजता का विस्मरण नहीं होने देगा। इति।

## बोध कथा

# अनुभव

संकलन : जय किशन झंवर

डिग्री के साथ अनुभव और हुनर का होना बहुत जरूरी है। एक विशाल जहाज का इंजन खराब हो गया। लाख कोशिशों के बावजूद कोई इंजीनियर उसे ठीक नहीं कर सका। फिर किसी ने एक मैकेनिकल इंजीनियर का नाम सुझाया जिसे इस तरह के काम का 30 से अधिक वर्षों काअनुभव था। उसे बुलाया गया।

इंजीनियर ने वहां पहुंचकर इंजन का ऊपर से नीचे तक बहुत ध्यान से निरीक्षण किया। सब कुछ देखने के बाद इंजीनियर ने अपना बैग उतारा और उसमें से एक छोटा सा हथौड़ा निकाला। फिर उसने इंजन पर एक जगह हथोड़े से धीरे से खटखटाया। और कहा कि अब इंजन चालू करके देखें। और सब हैरान रह गए जब इंजन फिर से चालू हो गया। इंजन ठीक करके इंजीनियर चला गया। जहाज के मालिक ने जब इंजीनियर से जहाज की मरम्मत करने की फीस पूछी, तो इंजीनियर ने कहा- 20,000 डॉलर।



क्या?! मालिक चौंका। आपने लगभग कुछ नहीं किया। मेरे आदमियों ने मुझे बताया था कि तुमने एक हथोड़े से इंजन पर सिर्फ थोड़ा सा खटखटाया था। इतने छोटे काम के लिए इतनी फीस? आप हमें एक विस्तृत बिल बनाकर दें।

इंजीनियर ने बिल बनाकर दे दिया। उसमें लिखा था:

हथौड़े से खटखटाया उसके 2 डॉलर और कहां और कितना खटखटाना है उसके 19,998 डॉलर। कुल 20 हजार डॉलर।

फिर इंजीनियर ने जहाज के मालिक से कहा 'अगर मैं किसी काम को 30 मिनट में कर देता हूं तो इसलिए कि मैंने 30 साल यह सीखने में लगा दिए कि उसे 30 मिनट में कैसे किया जाता है। मैंने आपको 30 मिनट नहीं दिए, इतने समय में मेरे 30 वर्षों का अनुभव दिया है।' बात केवल कितना समय लगा उसकी नहीं, मेरे अनुभव की है। जहाज का मालिक बहुत शर्मिंदा हुआ और उसने ख़ुशी ख़ुशी इंजीनियर को उसकी फीस दे दी। किसी की विशेषज्ञता और अनुभव की सराहना करें। क्योंकि ये उनके वर्षों के संघर्ष प्रयोग, मेहनत और आंसुओं का परिणाम है।

## वीर गाथा

# हवलदार राकेश कुमार शर्मा: कड़ी नजर और जोरदार जवाब से बचाई अपने कई साथियों की जान

हवलदार राकेश कुमार शर्मा का जन्म जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के दादुई गांव में हुआ था। उनके पिता रतन चंद उन्हें वीरों और महापुरुषों की कथाएं सुनाकर प्रेरणा देते थे। इससे राकेश को सेना में जाने का प्रोत्साहन मिला।

वे अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद सेना में भर्ती हो गए। उन्हें पैराशूट रेजिमेंट में शामिल किया गया। बाद में उन्हें 1 पैरा (एसएफ) में भेज दिया गया। वहां उन्होंने कमांडो बनने के लिए सख्त प्रशिक्षण लिया।

साल 2009 में हवलदार राकेश अपनी यूनिट के साथ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तैनात थे। वहां आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाए जा रहे थे। इससे आतंकवादी संगठनों में डर का माहौल था। भारतीय सेना को अपने विश्वसनीय खुफिया सूत्रों से आतंकवादियों के बारे में लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। 21 मार्च को भी सेना को अपने सूत्रों से एक सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि कुपवाड़ा जिले में कुछ आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश करने वाले हैं। सेना ने मेजर मोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम बनाई, जिसमें हवलदार राकेश भी शामिल थे।

टीम निर्धारित समय पर उस इलाके में पहुंच गई और उसने आतंकवादियों को ललकारा। इससे भयभीत आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवानों ने भरपूर जवाब दिया।

उस दौरान राकेश और कुछ जवानों को निर्देश दिया गया कि वे हफरुदा के जंगल की ओर कड़ी नजर रखें। 23 मार्च को उन्हें संदिग्ध हरकत नजर आई। ध्यान से देखा तो पता चला कि उधर आतंकवादी थे। जवानों ने उन पर धावा बोल दिया।

हवलदार राकेश उन आतंकवादियों पर गोलियों की बौछार कर रहे थे। उन्हें भी कई गोलियां लगीं, जिससे वे भारत मां के लिए बलिदान हो गए। उधर, जो ऑपरेशन शुरू हुआ था, उसमें सेना को बड़ी सफलता मिली। उसने कई आतंकवादियों को मार गिराया और उनके कब्जे से हथियार व विस्फोटक पदार्थ बरामद किए। हवलदार राकेश कुमार शर्मा ने कड़ी नजर और जोरदार जवाब के बूते न केवल अपने साथियों की जान बचाई, बल्कि आतंकवादियों के खात्मे में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें सराहनीय साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और बलिदान के लिए 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

नामांकन



कोझिकोड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार एम के राघवन ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

# जरदारी ने पाकिस्तान में एक ही परिवार के अधिकांश विधायकों के मामले में शरीफ को पछाड़ दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर/भाषा। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी आसिफा के नेशनल एसेंबली (एनए) के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने बाद जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में एक ही परिवार से सबसे अधिक संख्या में विधायक/संसद बनने का रिकॉर्ड बनाकर 'शरीफ परिवार' को पीछे छोड़ दिया है।

आसिफा ने अगले महीने होने वाले उपचुनाव के लिए सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद (पूर्व में नवाबशाह) क्षेत्र से संसदीय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था।

क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, आसिफा के खिलाफ तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन बाद में तीनों ने अपना नाम वापस ले लिया, तदुपरांत आसिफा निर्विरोध निर्वाचित हो गईं।

आसिफा के खिलाफ नामांकन दाखिल करने वाले तीन उमीदवारों में अब्दुल रसूल ब्रोही, अमानुल्लाह और मैराज अहमद शामिल थे।

यह सीट उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद खाली हुई थी।

आसिफा की जीत के साथ जरदारी परिवार के पास राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर छह सांसद/विधायक हो गए हैं, जिससे शरीफ परिवार में सर्वाधिक विधायक/सांसद होने का रिकॉर्ड टूट गया है, क्योंकि अब देश के संसदीय इतिहास में एक ही परिवार के सबसे अधिक सदस्य इसमें शामिल हैं।

अब जरदारी खुद देश के राष्ट्रपति हैं, उनकी बेटी आसिफा, बेटा बिलावल भुट्टो जरदारी और बहनोई मुनव्वर अली तालपुर नेशनल असेंबली के सदस्य हैं, जबकि दोनों बहनें फरयाल तालपुर और अजरा पेचुहो सिंध में प्रांतीय असेंबली की सदस्य हैं।

दूसरी ओर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज शरीफ और उनके बेटे हमजा शहबाज शरीफ को नेशनल एसेंबली का सदस्य चुना गया है, जबकि उनकी भतीजी मरयम नवाज शरीफ पंजाब की मुख्यमंत्री हैं।

इकत्तीस-वर्षीया आसिफ़ा के पास राजनीति और समाजशास्त्र में स्नातक की डिग्री और वैश्विक स्वास्थ्य एवं विकास में स्नातकोत्तर की डिग्री है। उन्होंने शुरुआत में 2012 में पोलियो उन्मूलन अभियान के लिए सद्भावना राजदूत के रूप में काम किया था, जिससे उनका चेहरा जनता के बीच परिचित हो गया।

प्रचार



कन्नूर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के सुधाकरन शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से बातचीत करते हुए।

# बाइडन के चुनाव अभियान के तहत निक्की हेली के समर्थकों को लुभाते हुए विज्ञापन शुरू किया गया

वार्शिंगटन/भाषा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पुनर्निर्वाचन अभियान के तहत भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने के उद्देश्य से एक डिजिटल विज्ञापन शुरू किया गया है। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से हेली राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर हो गई हैं।

बाइडन की टीम का व्यापक प्रयास है कि हेली की गैर-मौजूदगी में उन रिपब्लिकन सदस्यों का मत हासिल किया जाए, जो रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प को वोट देने को लेकर अनिच्छुक हो सकते हैं।

अभियान अधिकारियों ने कहा कि बाइडन का अभियान विभिन्न प्रांतों में तीन सप्ताह तक चलेगा। बाइडन की ओर से विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म पर जारी विज्ञापनों के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च किया जा रहा है।

यह राष्ट्रपति के सात मार्च के 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन के बाद छह-सप्ताह के तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर के विज्ञापन अभियान का हिस्सा है।

'एनबीसी न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन के प्रचार अभियान के वरिष्ठ सदस्यों ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय वित्त समिति की बैठक के दौरान नियोजित विज्ञापन चलाया।

बाइडन के प्रचार अभियान से जुड़ी टीम ने इस बारे में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाद में एक पोस्ट डाला। इक्कासी वर्षीय डेमोक्रेट बाइडन का मुकाबला पांच नवम्बर 2024 को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में ट्रम्प से होगा।

विज्ञापन में 77 वर्षीय ट्रंप की कुछ वीडियो क्लिप दिखाई जा रही है, जिनमें वह प्रचार रैलियों के दौरान 52-वर्षीया हेली को बदनाम कर रहे हैं और पत्रकारों से कह रहे हैं कि उन्हें (ट्रम्प को) जीत के लिए उनके (हेली के) समर्थकों की जरूरत नहीं है।

विज्ञापन में कहा गया है, अगर आपने निक्की हेली को वोट दिया है, तो डोनाल्ड ट्रम्प को आपका वोट नहीं चाहिए। अमेरिका बचाएं, हमसें जुड़ें।

'द वार्शिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, हेली के उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर निकलने के बाद बाइडन की ओर से प्रचार अभियान के तहत नियमित रूप से दक्षिण कैरोलिना प्रांत की दो बार की पूर्व गवर्नर (हेली) के समर्थकों और दानदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया गया है।

# भारतीय न्यायपालिका आर्थिक कल्याण और व्यक्तिगत अधिकारों को पूरक मानती है : न्यायाधीश

नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा है कि भारतीय न्यायपालिका यह मानती है कि सच्चे मायने में आर्थिक विकास तात्कालिक लाभ हासिल करना नहीं, बल्कि इसमें एक स्थायी दृष्टिकोण शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक कल्याण और व्यक्तिगत अधिकार परस्पर अनन्य नहीं हैं। न्यायमूर्ति कोहली ने 'अमेरिकन बार एसोसिएशन (एबीए)-इंडिया कॉन्फ्रेंस 2024' में कहा कि न्यायपालिका ने सतत विकास मॉडल के समर्थन के प्रति अपना झुकाव प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि निरंतरता को बढ़ावा देने वाले कानूनों और सिद्धांतों को बरकरार रखते हुए भारतीय न्यायपालिका इस उद्देश्य को सशक्त बनाती रही है कि दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि को पर्यावरणीय प्रबंधन और सामाजिक कल्याण से अलग नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भारतीय न्यायपालिका का दृष्टिकोण व्यापक सोच वाला है। यह स्वीकार करती है कि वास्तविक आर्थिक विकास तत्काल लाभ के लिए नहीं है, बल्कि इसमें एक स्थायी दृष्टिकोण शामिल है, जो बड़े पैमाने पर समाज को लाभ पहुंचाता है। कोहली ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी, विशेष रूप से न्यायिक सहयोग और कानून के शासन के लिए पारस्परिक सम्मान के जरिये, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का एक जबरदस्त अवसर प्रदान करती है।



मुलाकात

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने शनिवार को नई दिल्ली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात करती हुई।

# शिल्पा शेट्टी ने अपने परिवार के साथ की राजस्थान के रणथंभौर की सैर

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को अपने परिवार के साथ राजस्थान के रणथंभौर में सैर करते हुए देखा गया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल उनके बच्चों के लिए है, बल्कि उनके लिए भी यह सीखने का मौका है। शिल्पा ने एक्स पर अपने बच्चों वियान और समिशा के साथ रणथंभौर नेशनल पार्क से अपनी सफारी का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में एक बाघिन और उसके शावकों को भी देखा जा सकता है।एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया, ''रणथंभौर में इन सभी जानवरों को देखना कितना अविश्वसनीय अनुभव है, इसमें एक बाघिन और उसके शावकों को देखना



न केवल बच्चों के लिए बल्कि हमारे लिए भी रोमांचकारी था।''शिल्पा ने पोस्ट को अतुल्य भारत, रणथंभौर, राजस्थान, प्राउड इंडियन, फैमिली टाइम, वैकेशन और सफारी जैसे हैशटैग दिए।एक्ट्रेस अगली बार कन्नड़ एक्शन फिल्म 'केडी – द डेविल' में दिखाई देंगी, जो प्रेम द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म है।इसमें ध्रुव सरजा, वी. रविचंद्रन, रमेश अरविंद, रेशमा ननैय्या, जिशु सेनगुप्ता और संजय दत्त भी हैं।



# अक्षय कुमार ने पूरी की 'खेल खेल में' की शूटिंग

मुंबई/एजेन्सी

सुपरस्टार अक्षय कुमार ने तापसी पन्नू और वाणी कपूर अभिनीत अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म की पटकथा का लेखन और निर्देशन मुदस्सर अजीज का है, जो रोमांटिक-कॉमेडी हैप्पी भाग जाएगी तथा पति पत्नी और वो के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।

इस फिल्म में एमी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल भी हैं। अभिनेता फरदीन खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं जो लंबे समय के बाद पर्दे पर नजर आएंगे। प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज़ ने शुक्रवार रात अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के बारे में जानकारी साझा की। खेल खेल में फिल्म की शूटिंग पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुई थी।

# 'दबंग 4' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है : सलमान खान


मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का कहना है कि दबंग 4 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, जैसे हीं स्क्रिप्ट फायनल हो जायेगी फिल्म की शूटिंग शुरू हो जायेगी। सलमान खान ने वर्ष 2010 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म दबंग में काम किया था। दबंग की सफलता के बाद सलमान खान दबंग फ्रेंचाइजी की फिल्म दबंग 2 और दबंग 3 में भी नजर आये। सलमान के फैंस को 'दबंग 4' का बेसब्री से इंतजार है। सलमान खान ने फिल्म दबंग 4 को लेकर बात की है। सलमान खान ने बताया है कि 'दबंग 4' अब तक क्यों नहीं बन सकी है। सलमान खान ने 'दबंग' फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट पर एक अपडेट शेयर किया है। सलमान खान ने कहा है कि जिस पल वह और उनके भाई अरबाज खान एक स्क्रिप्ट पर सहमत हो जाएंगे, फिल्म बन जाएगी। वह कुछ और चाहता है और मैं कुछ और..जैसे ही स्क्रिप्ट फाइनल हो जाएगी, वैसी ही 'दबंग 4' की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

# पैन इंडिया फिल्म 'गुड़ाचारी 2' शूटिंग शुरू करेंगी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री बनिता संधू भुज में अदीवि शेष के साथ अपनी पैन इंडिया फिल्म गुड़ाचारी 2 शूटिंग शुरू करेंगी। अदिवि शेष की आगामी फिल्म गुड़चारी 2 ने प्रशंसकों को काफी उत्साहित कर दिया है। हाल ही में निर्माता ने बनिता संधू के बतौर लीडिंग लेडी इस फिल्म से जुड़ने की खबर साझा की थी और अब खबर आ रही है कि बनिता इस पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग भुज में शुरू कर रही हैं। और जल्द ही उन्हें फिल्म के लीड अभिनेत्री अदीवी शेष ज्वॉइन करेंगे। फिल्म गुड़चारी 2 का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल



द्वारा किया जा रहा है, पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्टर्स और एके एंटरटेनमेंट के बैनर तले विनय कुमार सिरिगिनेडी द्वारा गुड़चारी 2 निर्देशित है। इस फिल्म में इमरान हाशमी, अदिवि शेष, बनिता संधू अहम किरदार में नजर आएंगे।

अदिवि शेष की आगामी फिल्म गुड़चारी 2 ने प्रशंसकों को काफी उत्साहित कर दिया है। हाल ही में निर्माता ने बनिता संधू के बतौर लीडिंग लेडी इस फिल्म से जुड़ने की खबर साझा की थी और अब खबर आ रही है कि बनिता इस पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग भुज में शुरू कर रही हैं। और जल्द ही उन्हें फिल्म के लीड अभिनेत्री अदीवी शेष ज्वॉइन करेंगे।

फिल्म गुड़चारी 2 का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है, पीपल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आटर्स और एके एंटरटेनमेंट के बैनर तले विनय कुमार सिरिगिनेडी द्वारा गुड़चारी 2 निर्देशित है। इस फिल्म में इमरान हाशमी, अदिवि शेष, बनिता संधू अहम किरदार में नजर आएंगे।



# वर्ष 2024 की तीसरी बड़ी ओपनर फिल्म बनी 'क्रू' वैश्विक स्तर पर कमाई 20 करोड़

मुंबई/एजेन्सी

तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म के पहले टीजर और फिर ट्रेलर के बाद तो इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ गया था। वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'क्रू' को काफी अच्छे रिव्यू मिले हैं। दर्शक महिला प्रधान फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे बेहद एंटरटेनिंग फिल्म बता रहे हैं। इस वर्ष अब तक प्रदर्शित हुई फिल्मों में क्रू 3री ऐसी फिल्म रही जिसने डबल डिजिट में ओपनिंग की है। इससे पहले प्रदर्शित हुई फाइटर और शैतान दो ऐसी फिल्में रही हैं। फाइटर ने पहले दिन 25 करोड़ और शैतान ने 14 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। अब क्रू ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10.28 करोड़ का कारोबार किया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें कोई बड़ा नायक नहीं है। फिल्म पूरी तरह से तीन नायिकाओं की कहानी है।

वैश्विक स्तर पर क्रू ने 20 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। वीकेंड (शनिवार-रविवार) को कमाई में उछाल आने की उम्मीद है। इस मूवी का बजट लगभग 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। 'क्रू' तीन एयर होस्टेस की कहानी है जो एक दिवालिया हो चुकी एयरलाइन में काम करती हैं। तीनों ही अपनी-अपनी लाइफ की प्रॉब्लम्स में फंसी हुई हैं। एयरलाइन में काम करने के बावजूद इन्हें सैलरी नहीं मिल रही।

फिल्म को हॉलीवुड फिल्म गॉडजिला एक्स कॉंग से काफी मुकाबला करना पड़ रहा है। वहीं उसे पिछले 3 सप्ताह बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमाए बैठी शैतान से भी टकराव झेलना पड़ रहा है। हालांकि क्रू और गॉडजिला के प्रदर्शन के बाद शैतान के स्क्रीन्स व शो टाइम में कमी कर दी गई है, लेकिन फिर भी दर्शक इस फिल्म को देखने जा रहा है।

# नो एंट्री के सीक्वल में एंट्री नहीं मिलने से नाराज हुए अनिल कपूर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अनिल कपूर नो एंट्री के सीक्वल में काम नहीं मिलने पर नाराज हैं। अनिल कपूर के भाई बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में सुपरहिट फिल्म नो एंट्री बनायी थी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म नो एंट्री में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काफी समय से नो एंट्री का सीक्वल बनाने की चर्चा है।बोनी कपूर नो एंट्री का सीक्वल नये कलाकारों को लेकर बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि नो एंट्री के सीक्वल में अनिल कपूर सलमान खान और फरदीन खान नहीं रहेंगे। उनकी जगह वरूण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को लिया गया है। अनिल कपूर इस बात से नाराज हैं उन्हें नो एंट्री के सीक्वल से बाहर कर दिया गया है। बोनी कपूर ने बताया है कि



अनिल कपूर फिल्म नो एंट्री के सीक्वल में कास्ट न करने के चलते उनसे नाराज हैं और अभी तक बातचीत बंद है।बोनी कपूर ने कहा, मुझे पता है कि अनिन कपूर नो एंट्री के सीक्वल का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन जगह नहीं थी। वरुण और अर्जुन बहुत अच्छे दोस्त हैं, उनकी केमिस्ट्री कहानी में सामने आ सकती है और दिलजीत आज बड़े हैं। उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। मैं इसे आज के समय में प्रासंगिक बनाना चाहता था। इसलिए मैंने यह कास्टिंग की।



# फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शुभी शर्मा भोजपुरी फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' में वट सावित्री मैया का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं।

फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म दर्शकों को टेलिविजन प्रीमियर के माध्यम से भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि फिल्म में बताया गया है कि आखिर क्यों वट सावित्री की पूजा सुहागन महिलाओं को करनी चाहिए। इस फिल्म की कहानी बेहद संजीदा और आकर्षक है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म जो भी देखेगा वह अपने परिवार वालों को भी इस फिल्म को दिखाएगा। इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। फिल्म के गीत संवाद संगीत भक्ति में और मन को शांति देने वाला है। फिल्म का निर्माण जी भव्यता से हुआ है इस भव्यता से यह रिलीज भी होगी और मैं आप सबों से अपील करुंगी कि आप सभी इस फिल्म को अपने परिजनों के साथ जरूर देखें।

फ़िल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' में प्रीति शुक्ला, शुभी शर्मा, अंजना सिंह, मणि भट्टाचार्य, रक्षा गुप्ता, अंशुमन सिंह राजपूत, प्रकाश जैश, संजय पांडेय, मनोज टाइगर, अनूप अरोरा, देवेन्द्र पाठक, सोनिया मिश्रा, अनीता रावत, स्वास्तिका मिश्रा और अन्य मुख्य भूमिका में हैं। संगीतकार साजन मिश्रा और गीतकार प्यारेलाल 'कवि', सुरेंद्र मिश्रा एवं शेखर मधुर हैं। लेखक सुरेंद्र मिश्रा एवं विवेक मिश्रा हैं। छायांकन माही शेलार और संकलन: गुर्जंट सिंह का है। नृत्य प्रवीण शेलार का है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां जैन युवा संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्म कल्याणक महोत्सव पर बेंगलूरु में विचरण कर रहे संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें जन्म कल्याणक महोत्सव में सानिध्यता प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया।

# जीवन में अपने स्वयं का परिचय जरूरी है : आचार्य जिनमणिप्रभसूरी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

होसपेट। यहां के आराधना भवन में जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि 'मैं कौन हूँ, इस प्रश्न से ही धर्म का प्रारंभ होता है। जब तक व्यक्ति अपने आपको नहीं जानता, उसका शेष जानना व्यर्थ है।' उन्होंने कहा– 'आचारांग सूत्र का प्रारंभ इसी प्रश्न से होता है। परमात्मा महावीर ने जो देशना दी थी, उसे सुधर्मा स्वामी ने आगमों के माध्यम से जंबू स्वामी से कहा। परमात्मा फरमाते हैं कि इस दुनिया में अनंत जीव ऐसे हैं जो यह नहीं जानते कि मैं कौन हूँ? कहाँ से आया हूँ? किस दिशा से आया हूँ? और कहाँ जाना है?'

उन्होंने कहा कि 'आज आदमी सारी दुनिया को जानता है, अपने पराये को जानता है, रिश्तेदारों और मित्रों को पहचानता है परन्तु यह उसकी सबसे बडी गरीबी है कि वह जानने वाले को नहीं जानता। यह शरीर मेरा स्वरूप नहीं है, क्योंकि शरीर आज है, कल नहीं था, कल नहीं रहेगा! जबकि मैं कल भी था, आज भी हूँ और कल भी रहूँगा! तो वह कौन है जो तीनों काल में है, जिसे कोई मिटा नहीं सकता, चुरा नहीं सकता।'

उन्होंने कहा 'संसार के साधनों को पाने और खोने में हमने अपनी कई जिन्दगियाँ गंवा दी। संसार से कभी भी किसी को भी न कभी सुख हुआ है, न होगा। संसार से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता। कितना भी अधिक हो, कम ही लगता है।' उन्होंने कहा, परमात्मा से संसार की प्रार्थना करने वाला व्यक्ति धर्म से नासमझ है। जिसने धर्म को समझा है, वह व्यक्ति सुख पाने या दुख मिटाने की प्रार्थना नहीं करता।

वह सुख दुख में समभाव में रहने का संकल्प चाहता है। वह यही प्रार्थना करेगा कि सुख कितना भी हो, प्रभो! मुझे वह शक्ति देना, जिससे मेरे मन में उस सुख के प्रति आसक्ति का भाव नहीं जगे! अहंकार का भाव मन में नहीं आने पाये। दुख को दूर करने की बजाय वह यह प्रार्थना करेगा कि प्रभो! दुख में भी आपका स्मरण सदा बना रहे और दुख में भी सुख का अनुभव करूँ, ऐसी शक्ति वह चाहता है। उन्होंने कहा– मैं कहाँ से आया हूँ, इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण प्रश्न है– मुझे कहाँ जाना है? आगे की चिंता करो और अभी से चिंता करो। अपने भविष्य का निर्माण हमें ही करना है। हमारे अपने ही हाथों में है हमारा भविष्य! यह हमारा स्थायी ठिकाना नहीं है। यहाँ से तो हमें चलना ही पडेगा। पर कहाँ जाना है, इसका निर्णय हमारा आचरण करेगा। इसलिये अपने आचरण पर लगातार निगाह रखो।

दादावाडी ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल पालरेचा ने कहा आज से 16 वर्ष पूर्व पूज्यश्री ने ही यहाँ वासुपूज्य मंदिर दादावाडी की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा करवाई थी। उनका उपकार है कि लम्बा विहार करके हमारी विनंती स्वीकार कर पूज्यश्री यहाँ पधारे हैं। संघ के सहमंत्री अशोक मोदी ने कहा पूज्यश्री के प्रवचनों से जीवन को दिशा मिलती है। इस अवसर पर रेखा कानूंगो ने भजन प्रस्तुत किया। पूज्यश्री के दर्शनार्थ हुब्बल्ली से रमेश बाफना, पुखराज कवाड़ आदि दादावाड़ी के ट्रस्टी पहुंचे। पूज्यश्री कोप्पल होते हुए 1 अप्रैल को गदग पहुंचेंगे।



## आचार्य मणिप्रभसूरी का हुब्बल्ली प्रवेश 3 अप्रैल को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। होसपेट में आचार्यश्री के दर्शनार्थ हुब्बल्ली से संघ पहुंचा। आचार्य श्री हुब्बल्ली में श्री जैन मरुधर संघ में प्रवेश करेंगे तथा 4 अप्रैल को दादावाड़ी में प्रवेश करेंगे। होसपेट से वापसी में विहार करते अन्नीगेरी मे गणिवर्य मेहुलप्रभसागर आदि तथा साध्वी सूर्यप्रभाश्रीज़ी एवं पूर्णप्रभाश्री आदि से दर्शन करते हुब्बल्ली आने की जानकारी ली। संतों की 31 मार्च तक हुब्बल्ली आने की संभावना है। कुछ दिन की स्थिरता के बाद इचलकरंजी प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए विहार करेंगे।



## जैन युवा संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने

# संतों से महावीर जन्म कल्याणक पर सान्निध्यता के लिए किया निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां जैन युवा संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्म कल्याणक महोत्सव पर बेंगलूरु में विचरण कर रहे संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें जन्म कल्याणक महोत्सव में सानिध्यता प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया। कुमारपार्क में विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिजी की शिष्या साध्वीश्री संकल्पनिधिश्रीजी म. सा., अक्कीपेट जैन मंदिर में विराजित महासाध्वीअरिहंत प्रभाश्रीजी म.सा., चिकपेट आदिनाथ जैन मन्दिर उपाश्रय में विराजित मुनिश्री बोधिप्रभ विजयजी म. सा.के दर्शन कर उनके श्रीचरणों में संगठन की ओर से अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा एवं अन्य सदस्यों ने वंदन कर महोत्सव में सान्निध्यता प्रदान करने का निवेदन प्रस्तुत किया।

संगठन के उपाध्यक्ष महावीर मुणोत ने चातुर्मास में आयोजित नवकार करे भवपार 11 करोड नवकार के सफल आयोजन की रुप रेखा के बारे में एवं संघ स्थापना दिवस पर सामूहिक सामायिक दिवस और पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण जेसे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ जैन एकता और समन्वय पर भी मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त किया।

प्रतिनिधि मंडल जैन युवा संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष जैन मुकेश सुराणा, साधु साध्वी समिति चेयरमैन राकेश बोहरा, सह चैयरमेन अर्चित पारेख, कपिल काल्या, सदस्य सुनील मेहर, आशीष समदरिया, कमलेश कोटाड़िया आदि उपस्थित थे।

## उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु में शनिवार को कुवेम्पुनगर बस स्टॉप के सामने जेसीएसटी लेआउट में अपोलो फार्मेसी ने अपना 6 हजारवां स्टोर का शुभारंभ किया। इसका उदघाटन अदिचुनचनगिरि महासंस्थान मठ के श्री सोमेश्वरस्वामीजी एवं प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने किया। इस मौके पर अपोलो बीजीएस अस्पताल मैसूरु के उपाध्यक्ष भारतीश रेड्डी, अपोलो फार्मेसीज लि. के सीईओ पी. जयकुमार आदि उपस्थित थे उन्होंने अपने मिशन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# जैन धर्म की कभी किसी को निंदा नहीं करनी चाहिए : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सुरापुर। यहां यादगिरि जिले के सुरापुर में श्री कुंथुनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी म. सा. ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि हमें सभी के गुणों को देखना चाहिए। व्यक्तियों में से सदगुणों को ग्रहण करना चाहिए और अवगुणों को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी जैन धर्म के लिए काम कर रहा है। चाहे वह अध्यात्म के लिए काम कर रहा है या धर्म को आगे बढ़ाने की दिशा में कोई काम कर रहा है। वह चाहे किसी भी सम्प्रदाय का क्यों न हो, किसी का भी शिष्य हो उसकी निंदा नहीं करनी चाहिए। संतों के ऊपर किसी भी प्रकार का पड़यंत्र नहीं करना चाहिए। अगर किसी के ऊपर कोई षड़यंत्र हो रहा है तो उसे खत्म करने के लिए पूरा जैन समाज एक साथ खड़ा होना चाहिए। जैन धर्म में सभी की अनुमोदना करना सीखाया जाता है। हमें हमें गच्छ समुदाय आदि के चश्मे निकाल कर जैन धर्म के हित में हमेशा खड़ा रहना चाहिए।



# विजयनगर किशोर मंडल द्वारा जीवन निर्माण पर कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां विजयनगर तेरापंथ युवक परिषद एवं किशोर मंडल द्वारा शनिवार को कब्बन पार्क में सुबह 7 बजे बेंगलूरु संभाग स्तरीय प्रशिक्षण अनस्टॉपेबल कार्यशाला का आयोजित की गई। परिषद के अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने सबका स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत, अभातेयुप परामर्शक विमल कटारिया, बेंगलूरु संभाग प्रमुख अमित दक, तेयुप पूर्व अध्यक्ष सम्पत चावत, विजयनगर किशोर मंडल प्रभारी विकास ने व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक सरोकारों को सहेजते हुए अपने अपने अनुभव साझा किए। अनस्टॉपेबल कार्यशाला में सीपीएस के राष्ट्रीय प्रभारी एवं आज की कार्यशाला के मुख्य वक्ता दिनेश मरोठी ने टीमवर्क, नूतन रचनात्मक चिंतन, समय प्रबंधन,स्मार्ट, तीक्ष्ण बौद्धिक क्षमता का विकास, जुनूनी इरादों, खुद और दूसरों की क्षमता को पहचानने की शक्ति, मानसिक अवरोधों, रूढ़ियों को तोड़ने की इच्छाशक्ति आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किए। किशोर मंडल के राष्ट्रीय प्रभारी अरविंद पोखरणा ने किशोरों युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ट्रेजर हंट गतिविधि का उपयोग किया। अरविंद ने समय प्रबंधन, रचनात्मकता, मौलिकता के अभ्यास पर बल दिया। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के मंत्रोचार से हुआ, उसके पश्चात हिट युवा फिट युवा संयोजक श्रेयांस सेठिया ने शारीरिक व्यायाम करवाए। इस कार्यशाला के संयोजक हेमंत पटावरी का विशेष श्रम रहा। कार्यक्रम का संचालन तेयुप मंत्री कमलेश चोपड़ा ने किया। आभार सहमंत्री संजय भटेवरा ने किया।



# कैंसर जागरूकता अभियान का दूसरा शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल बेंगलूरु गांधीनगर के तत्वावधान में कैंसर जागरूकता अभियान के तहत दूसरे शिविर का आयोजन हिमांशु ज्योति कला पीठ कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत के संगान से हुआ। उपाध्यक्ष लता गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए वर्ष भर चलने वाले कैंसर जागरूकता अभियान की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉक्टर पूनम मौर्या ने कैंसर के लक्षण और उसे कैसे बचें इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा इलाज डर को हटाना है। अगर डर जब तक नहीं हटेगा हम कैंसर पर विजय नहीं पा सकते। निरामय संस्था के सहयोग से निशुल्क थर्मल स्क्रीनिंग के द्वारा लगभग 100 महिलाओं की जांच की गई। स्कूल के डायरेक्टर विजय कुमार ने मंडल के कार्यों के प्रति सराहना की और कहां भविष्य में ऐसे जागरूकता कैंप लगने चाहिए ताकि लोग इस बीमारी को समझें और इससे घबराए नहीं और इसका इलाज वक्त रहते करवा लें।

प्रोफेसर दिव्या ने भी अपने विचार व्यक्त किये। डॉ पूनम मौर्या का परिचय वाचन सह संयोजिका अनीता नाहर ने किया। इस कैंप के हेतु आर्थिक सहयोग महेंद्र सरला श्रीमाल ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी बोहरा, कोषाध्यक्ष किरण गिलुडिया, सह मंत्री वीणा पोरवाल, संगठन मंत्री संगीता आंचलिया पूर्व अध्यक्ष शांति सकलेचा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही। संचालन मंत्री ज्योति संचेती ने किया वह आभार ज्ञापन पिंकी खाबिया ने किया।

# शहबाज ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को बदलने का संकल्प लिया

इस्लामाबाद/भाषा। आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को देश की आर्थिक स्थिति को बदलने का संकल्प लिया। उन्होंने सरकारी मीडिया को बताया कि सभी मंत्रालयों के साथ पांच साल की योजना को साझा किया गया है।

रेडियो पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के अनुसार शरीफ ने मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान सभी मंत्रालयों के साथ एक पांचवर्षीय योजना साझा की है, जिसमें उनके लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

में दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंत्रालयों को इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए रणनीति बनानी होगी और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा, हमें अपने खर्चों में कटौती करनी होगी और देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना होगा। शरीफ ने कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि का संकल्प व्यक्त किया।





# केआईओसीएल की मंगलूरु स्थित संयंत्र इकाई में हिंदी संगोष्ठी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। यहां केआईओसीसीएल लि. की पणम्बूर स्थित संयंत्र इकाई में 28 मार्च को हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मंगलूरु के तत्वावधान में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में इस्पात मंत्रालय की उपनिदेशक (राजभाषा) आस्था जैन ने सुदूर दक्षिण में कम्पनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए हिंदीतर भाषी क्षेत्र में हिंदी के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रशंसा की।

एक दिवसीय हिंदी संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव जॉन ए अब्राहम, केआईओसीएल के निदेशक (उत्पादन एवं परियोजनाएं) जी. वी. किरण, मुख्य महा प्रबंधक (प्रभारी मंगलूरु) आर धर्मेंद्र प्रभु की उपस्थित में शुरु हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवी किरण ने की। भारत सरकार के मंगलूरु स्थित कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों, व राजभाषा अधिकारियों के साथ केआईओसीएल लिमिटेड के अधिकारियों–कर्मचारियों की उपस्थिति में इस हिंदी संगोष्ठी के रूप में प्रथम सत्र के कार्यक्रम हिंदी प्रश्नमंच व द्वितीय सत्र के कार्यक्रम हिंदी यक्षगान का प्रतिभागियों ने भरपूर लुत्फ़ उठाया। यक्षगान कला समिति के कलाकारों द्वारा दुर्गा स्तुति करते हुए एक धमाकेदार प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना से हुआ जिसे केआईओसीएल की कार्मिक सुश्री रक्षिता द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण महाप्रबंधक (ईआरपी) रामनाथ शानभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक चेतन कुमार शेट्टी ने दिया वहीं संचालन उपप्रबंधक (राजभाषा) एस. रजनीश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर केआईओसीएल की राजभाषा ई–गृह पत्रिका 'श्रीगंधा' के ग्यारहवें अंक का विमोचन भी संपन्न हुआ।

## स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में शनिवार को शिवनगर स्थित नेताजी खेल मैदान में स्नेहजीवी मित्र मंडल की ओर से क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि के रूप में मारूति मेडिकल के प्रमुख एवं गौसेवक महेन्द्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल और व्यायाम का हमारे जीवन में क्या महत्व है बताया। इस मौके पर मंडल की ओर से महेन्द्र मुणोत का सम्मान किया गया।

# आईवीएफ द्वारा होली हुड़दंग कार्यक्रम आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) बेंगलूरु चेप्टर द्वारा एक होटल के सभागार में आईवीएफ के सदस्य परिवारों का होली हुडदंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगन्तुकों का स्वागत अध्यक्ष बाबूभाई मेहता ने किया तथा फेडरेशन द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी मंत्री प्रशान्त सिंघी ने दी। कार्यक्रम का संचालन मोनिका रूपचंद कुंभट ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुम्बई से आए अनंत सिंघवी थे। सिंघवी का स्वागत फेडरेशन के पदाधिकारियों ने किया। अपने उद्बोधन में सिंघवी ने कहा कि संगठन में बल है तथा संगठित होकर कोई भी काम हाथ में लिया जा सकता है व उसे सफल बनाया जा सकता है।

इस कार्यक्रम में कपीश लाहोठी, मोनिका जैन, रेखा लोढ़ा, नवीन जैन, कुमार शैलेष, डॉ. वासु सारड़ा, सुरेन्द्र सिंघल एवं गुंजन सेठिया ने होली के गीत, होली की कविताएं एवं हास्य व्यंग्य की प्रस्तुति दी। अंत में उपाध्यक्ष ललित डाकलिया ने आभार व्यक्त किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com